


दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-21 अंक-299 | सीहोर, बुधवार 22 जनवरी 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


कोलकाता रेप-मर्डर केस

## कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंची ममता सरकार, दोषी संजय को फांसी देने की मांग



कोलकाता (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल सरकार ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए रेप और हत्या के मामले में सियालदह कोर्ट के फैसले को कलकत्ता हाईकोर्ट में चुनौती दी है। सियालदह कोर्ट ने सोमवार को दोषी संजय रॉय को उम्रकैद (मृत्यु तक कारावास) की सजा सुनाई थी, जिसके खिलाफ अब राज्य सरकार ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

सरकार की ओर से एडवोकेट जनरल किशोर दत्ता ने याचिका दायर कर अदालत से दोषी संजय रॉय को फांसी की सजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि दोषी को दी गई उम्रकैद की सजा पर्याप्त नहीं है।

सोमवार को अदालत में संजय को कड़ी सुरक्षा के बीच पेश किया गया था। इस दौरान मृतका के माता-पिता भी मौजूद थे। सुनवाई के दौरान संजय ने एक बार फिर खुद को निर्दोष बताते हुए फंसाए जाने का आरोप लगाया। न्यायाधीश ने सजा सुनाने से पहले संजय को अंतिम बार बोलने का मौका दिया था और उससे पूछा था कि क्या उसके परिवार वालों ने उससे कोई संपर्क किया है, जिसके जवाब में संजय ने 'नहीं' कहा था।

यह मामला आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या से संबंधित है, जिसने पूरे राज्य को झकझोर कर रख दिया था। अब देखना यह है कि हाईकोर्ट इस मामले में क्या फैसला सुनाता है।

## सुरक्षाबलों की सतर्कता से फिर नक्सली साजिश नाकाम, 21 प्रेशर आईईडी बरामद

चाईबासा (आरएनएस)। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षा बलों पर हमले की नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम कर दी गई है। पुलिस और सुरक्षा बलों के ज्वाइंट ऑपरेशन में जिले के कराईकेला थाना क्षेत्र में प्लांट किए गए 21 प्रेशर आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) बरामद किए गए हैं। इनमें से 12 आईईडी दो-दो किलोग्राम और 9 आईईडी एक-एक किलोग्राम की क्षमता वाले थे।इनके विस्फोट से बड़ी तबाही मचाई जा सकती थी।



प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के दौरान श्रद्धालु त्रिवेणी संगम पर नाव की सवारी का आनंद ले रहे हैं.

## महाकुंभ में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री भी लगाएंगे डुबकी



नई दिल्ली,(ए)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इस बार महाकुंभ में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पवित्र संगम में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।जानकारी अनुसार महाकुंभ में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10 फरवरी को संगम में स्नान करेंगी, जबकि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 1 फरवरी को महाकुंभ में डुबकी लगाने पहुंचेंगे। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 फरवरी को प्रयागराज पहुंचेंगे और महाकुंभ में स्नान करेंगे। प्रयागराज महाकुंभ में इन विशिष्ट हस्तियों की यात्रा को देखते हुए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं, और इन दिनों श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त व्यवस्थाएं की जा रही हैं।महाकुंभ भारत का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है, जिसमें करोड़ों लोग संगम पर स्नान कर अपने पापों का प्रायश्चित करने पहुंचते हैं।

राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की महाकुंभ में उपस्थिति इस आयोजन को और अधिक विशेष बना देगी। महाकुंभ में इन विशिष्ट दिनों में भारी भीड़ की संभावना व्यक्त की जा रही है, इसलिए श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे प्रशासन की गाइडलाइन्स का पालन करें और समयानुसार ही अपनी योजना बनाएं।

## सिकल सेल मुक्त भारत अभियान में मध्यप्रदेश देश का अग्रणी राज्य

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को दी बधाई

भोपाल ( निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिकल सेल मुक्त भारत अभियान में मध्यप्रदेश देश का अग्रणी राज्य बनने पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है। स्वास्थ्य और उपचार के क्षेत्र में रोग की समय पर पहचान और रोकथाम पर जोर दिया जा रहा है। इसक्रम में वर्ष 2024-25 में 90 लाख से अधिक स्क्रीनिंग के साथ रक्त रोग सिकल सेल की स्क्रीनिंग में मध्यप्रदेश ने अग्रणी राज्य बनने की उपलब्धि प्राप्त की है। इस उपलब्धि के लिए समर्पित सभी अधिकारी और कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2047 तक सिकल सेल मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया है। इसके लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रक्त रोग सिकल सेल एनीमिया के बचाव के लिए नागरिकों से जागरूक रहने का आहवान किया है। मध्यप्रदेश में अब तक कुल 90 लाख 98 हज़ार 902 लोगों की सिकल सेल स्क्रीनिंग कर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया गया है। इसके साथ ही 53 लाख 87 हज़ार 892 सिकल सेल कार्ड (59.21 प्रतिशत ) वितरण की उपलब्धि दर्ज कर, मध्यप्रदेश ने देश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है।



ईडी की बड़ी कार्रवाई :

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पंजाब समेत तीन राज्यों में 11 ठिकानों पर छापेमारी, लग्जरी गाड़ियां और नकदी जब्त

जालंधर (आरएनएस) । जालंधर एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक बड़े मामले में पंजाब, हरियाणा और मुंबई में लगातार 72 घंटे तक छापेमारी की। इस दौरान गुरुग्राम,




पंचकूला, जींद, मोहाली और मुंबई सहित 11 जगहों पर कार्रवाई की गई। ED ने व्यूनाउ मार्केटिंग सर्विसेज और बिग बॉय टॉयज समेत छह कंपनियों से दो लग्जरी कारें और 3 लाख रुपये नकद जब्त किए हैं। ED ने सोमवार रात को इस कार्रवाई की जानकारी दी। उनके अनुसार, 17 से 20 जनवरी तक चली इस छापेमारी में व्यूनाउ इंफ्राटेक लिमिटेड, बिग बॉय टॉयज, मंडेशी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लैंकडॉट प्राइवेट लिमिटेड, बाइटकैनवास एलएलपी, स्काईवर्स, स्काईलिंक नेटवर्क और इनसे जुड़ी अन्य संस्थाओं के कार्यालयों और आवासीय परिसरों को खंगाला गया।

## भाजपा ने खेला 'मुफ्त' कार्ड

### एक और संकल्प पत्र जारी किया




नई दिल्ली (ए)। दिल्ली चुनाव के लिए भाजपा ने एक और संकल्प पत्र जारी कर दिया है। इस संकल्प पत्र में शिक्षा क्षेत्र से जुड़े कई बड़े वादे किए गए हैं। एक तरफ केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा का ऐलान हुआ है तो वहीं दूसरी तरफ ऑटो वाले और कैब वालों के लिए अलग से वेलफेयर बोर्ड बनाने की बात कही गई है। इसके अलावा भ्रष्टाचार को रोकने के लिए बड़ा वादा किया गया है।दिल्ली के सरकारी शिक्षण संस्थानों में दिल्ली के जरूरतमंद छात्रों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।आप सरकार द्वारा दिल्ली में किये कुशासन और भ्रष्टाचार के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' नीति अपनाते हुए एसआईटी का गठन किया जायेगाबिना किसी बहाने या आरोप, पड़ोसी राज्य, एमसीडी, एनडीएमसी और केंद्र सरकार के सहयोग से दिल्ली के नागरिकों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करेंगेदिल्ली के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 15,000 की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराएंगेघरेलू कामगारों के लिए वेलफेयर बोर्ड, 10 लाख का जीवन बीमा, 5 लाख का दुर्घटना बीमा, उनके बच्चों के लिए छात्रवृत्ति और 6 महीने की पेड मैटरनिटी लीवआटो-टैक्सी चालकों के लिए वेलफेयर बोर्ड, 10 लाख का जीवन बीमा, 5 लाख का दुर्घटना बीमा एवं वाहन बीमा और उनके बच्चों के लिए छात्रवृत्ति।

## जी20 अध्यक्षता के बाद भी भारत की क्रिप्टो नीति पर ठहराव, वैश्विक प्रगति से पीछे छूट रहा देश

### अन्य जी20 देशों ने क्रिप्टो सेक्टर को मजबूत प्रगतिशील नीतियों के तहत लाने के लिए उठाए हैं महत्वपूर्ण कदम




नई दिल्ली, (आरएनएस)। भारत की जी20 अध्यक्षता को एक वर्ष बीत चुका है, पर क्रिप्टो सेक्टर को लेकर की गई कई घोषणाओं और वादों के बावजूद, भारत इस सेक्टर की निगरानी और रेगुलेशन के लिए ठोस नीति बनाने में असफल रहा है। दुनिया भर में वैश्विक क्रिप्टो और वर्चुअल डिजिटल एसेट्स (VDA) का परिदृश्य तेजी से विकसित हो रहा है, लेकिन भारत अब भी इस क्षेत्र में निर्णायक नीतिगत कदम उठाने में पिछड़ता नज़र आ रहा है। जहां अन्य जी20 देश रेगुलेशन की दिशा में बड़े कदम उठा रहे हैं, भारत की निष्क्रियता इस उद्योग के प्रति उसकी गंभीरता पर सवाल उठा रही है। उदाहरण के लिए, अर्जेंटीना ने जून 2024 में कर माफी कानून पारित किया, जिसके तहत क्रिप्टो एसेट्स को टैक्स फ्रेमवर्क में शामिल किया गया है। यह निवेश आकर्षित करने के साथ-साथ उन संपत्तियों की घोषणा को अनिवार्य बनाता है जो देश के बाहर रखी गई हैं। ब्राज़ील ने स्थिर मुद्रा (स्टेबलकॉइन) और एसेट टोकनाइजेशन के रेगुलेशन के लिए 2025 तक कानून लाने की योजना बनाई है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया ने डिजिटल एसेट्स मार्केट रेगुलेशन बिल को आगे बढ़ाते हुए 2025 तक स्टेबलकॉइन के लिए एक औपचारिक नियामक ढांचा तैयार करने की घोषणा की है।बात करें यूरोप की तो यूरोपीय देशों में भी क्रिप्टो रेगुलेशन को लेकर प्रगतिशीलता देखने को मिली है।

## खेत के पास बिजली के तार में करंट से दो की मौत

शाहगंज, (आरएनएस)। जिले के शाहगंज थाना अंतर्गत आने वलो ग्राम नांदनेर में टहलने निकले दो दोस्त जमीन पर बिछे बिजली के तारों के संपर्क में आ गए, जिससे उन्हें करंट का जोरदार झटका लगा और उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि मार्ग पर बिजली के तार किसके द्वारा डाला गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम नांदनेर में रविवार को रात संतोष अहिरवार का 23 वर्षीय पुत्र नीतू अहिरवार अपने दोस्त 22 वर्षीय महेश पिता मंगूलाल अहिरवार के साथ टहलने निकला था। बताया जाता है कि गांव के ही सुरेन्द्र राजपूत के खेत के पास बिजली के तार जमीन पर पड़े थे।

## मल्लिकार्जुन खड़गे ने बेलगावी में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण किया, कहा- संविधान की रक्षा हमारी जिम्मेदारी



बेलगावी (आरएनएस)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को कर्नाटक के बेलगावी में सुवर्ण विधान सौध के परिसर में महात्मा गांधी की 25 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सिद्दारमैया, सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा, कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर, विधान परिषद के सभापति बसवराज होरट्टी, राष्ट्रीय संगठन सचिव केसी वेणुगोपाल, कर्नाटक कांग्रेस प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला और अन्य नेता मौजूद रहे।

यह कार्यक्रम उस ऐतिहासिक अवसर की शताब्दी का प्रतीक है, जब महात्मा गांधी ने कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष का पद संभाला था और ब्रिटिश शासन के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम शुरू किया था।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने संबोधन में कर्नाटक सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय राज्य के लिए सम्मान लाता है। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी ने देश को स्वतंत्रता दिलाई।

पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और बाबासाहेब बीआर अंबेडकर के कार्यकाल के दौरान संविधान अस्तित्व में आया।उन्होंने कहा, संविधान की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। संविधान के बिना देश में अराजकता फैल जाएगी।कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, हाल ही में कई नेता महात्मा गांधी की प्रशंसा कर रहे हैं। उनका योगदान, बलिदान और काम सराहनीय है। 1924 में महात्मा गांधी कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने थे। यह पहली और आखिरी बार था जब उन्होंने इस पद को संभाला था। कार्यकाल पूरा करने के बाद उन्होंने फिर कभी इस पद को स्वीकार नहीं किया।खड़गे ने आगे कहा कि महात्मा गांधी ने छुआछूत के खिलाफ और देश के निर्माण के लिए नारे दिए थे।




## जानलेवा साबित हो सकती है नकली दवाइयां



नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत में बिकने वाली करीब 25 प्रतिशत दवाइयां नकली पाई जाती हैं। इन दवाओं को फर्जी कंपनियां प्रतिष्ठित ब्रांड्स के लेबल की नकल करके बाजार में बेच रही हैं, जिससे न केवल लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है, बल्कि यह जानलेवा भी साबित हो सकता है।

सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन की एक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है कि आमतौर पर इस्तेमाल होने वाली 53 दवाइयों के सैंपल लैब टेस्ट में फेल हो चुके हैं। इन दवाओं में बुखार की दवा पैरासिटामोल, दर्द निवारक डिक्लोफेनेक, एंटीफंगल फ्लुकोनाजोल, विटामिन डी सप्लीमेंट, और बीपी व डायबिटीज की दवाएं शामिल हैं। नकली दवाओं में सक्रिय तत्व या तो होते ही नहीं हैं या गलत मात्रा में मिलाए जाते हैं, जिससे यह दवाएं रोगी को किसी भी तरह का लाभ पहुंचाने में विफल रहती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि नकली दवाओं का वैश्विक कारोबार 200 बिलियन डॉलर से अधिक है। इन दवाओं का उपयोग संक्रमणों के इलाज में असफल साबित हो सकता है और इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। इसके अलावा, कई मामलों में इन दवाओं का सेवन करने से गंभीर दुष्प्रभाव होते हैं, जो कभी-कभी जानलेवा भी हो सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि नकली दवाएं केवल स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी समाज को गंभीर नुकसान पहुंचाती हैं। इन्हें रोकने के लिए सरकार को सख्त कदम उठाने की जरूरत है। नकली दवाओं की पहचान करना मुश्किल हो सकता है, लेकिन कुछ संकेत मददगार हो सकते हैं।

असली दवाओं की पैकेजिंग उच्च गुणवत्ता की होती है, जबकि नकली दवाओं की पैकेजिंग में अक्सर स्पेलिंग मिस्टेक, धुंधली प्रिंटिंग या खराब सामग्री का इस्तेमाल होता है। इसके अलावा, कई कंपनियां अपनी दवाओं पर क्यूआर कोड या होलोग्राम लगाती हैं, जिसे स्कैन करके दवा की प्रामाणिकता की जांच की जा सकती है। अगर दवा लेने के बाद असर न हो या अचानक दुष्प्रभाव दिखने लगें, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। आधुनिक दौर में नकली उत्पादों की समस्या केवल खाद्य सामग्री तक सीमित नहीं रही, अब दवाइयों में भी मिलावट का संकट गहराता जा रहा है।

## मौसम विभाग ने दक्षिणी तमिलनाडु के कई जिलों में बारिश और आंधी की भविष्यवाणी की

चेन्नई (आरएनएस)। मौसम विभाग ने तमिलनाडु के कई जिलों में गुरुवार को आंधी और बिजली गिरने के साथ बारिश की भविष्यवाणी की है।

क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) के अनुसार, तिरुनेलवेली, तेनकाशी, थूथुकुडी, डिंडीगुल और कन्याकुमारी जिले में बारिश होने की संभावना है। निचले क्षोभमंडल स्तर पर हल्की से मध्यम उत्तर-पूर्वी और पूर्वी हवाएं चलती रहेंगी।1 अक्टूबर 2024 को शुरू हुआ पूर्वोत्तर मानसून तमिलनाडु में जोरदार बना हुआ है। इसके कारण पूरे राज्य के साथ-साथ केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में भी व्यापक बारिश हुई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, वीकेंड और सोमवार तक, तिरुनेलवेली और तेनकाशी जिले के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश हुई। मंजोलाई पहाड़ियों में ऊथु में 15.1 सेमी और नालुमुक्कू में 13.7 सेमी बारिश दर्ज की गई। आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार, कक्काची में (12 सेमी), मंजोलाई में (10.6 सेमी), करुप्पानाथी में (3.6 सेमी), अयिकुडी में (3.1 सेमी), और सर्वलार (1.8 सेमी) सहित अन्य क्षेत्रों में भी बारिश हुई। लगातार बारिश के कारण पापनासम और मणिमुथार बांधों में पानी का बहाव बढ़ गया है। तिरुनेलवेली, तेनकाशी, अलंगुलम, अंबासमुद्रम और शंकर कोविल के कई इलाकों में सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है।



# अमर शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया माल्यार्पण

## उज्जैन सहित प्रदेश के अन्य धार्मिक नगरों में की जाएगी पूर्ण शराब बंदी : मुख्यमंत्री डॉ.यादव



भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को उज्जैन की सिंधी कॉलोनी स्थित क्रांतिकारी और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद हेमू कालाणी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने अवसर पर कहा कि अमर शहीद हेमू कालाणी का बलिदान दिवस है। उन्होंने मात्र 19 वर्ष की उम्र में स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हेमू कालाणी सहित अन्य क्रांतिकारियों के अथक प्रयासों से लगभग एक हजार साल का गुलामी का काल खत्म हुआ। हर शताब्दी में भारत माता की गोद में विदेशी आक्रंताओं से लड़ने वाले वीर शहीदों ने जन्म लेकर भारतीय संस्कृति की रक्षा कर जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी को चरितार्थ किया है। अंग्रेजी आक्रंताओं ने भारत से धन लूटा। हमारे अमर शहीदों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर अंग्रेजों को देश से भगाकर इस लूट को रोका था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पृथ्वीराज चौहान (1192) से 1947 तक हमारे देश का इतिहास निरंतर वीर शहीदों और शूरवीरों से सुसज्जित रहा है। महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज, गोंड साम्राज्य, बाजीराव पेशवा, सिंधिया साम्राज्य, होलकर साम्राज्य सहित अन्य साम्राज्यों ने विदेशी आक्रंताओं से निरंतर लड़ाई लड़ी। मुगल और अन्य विदेशी आक्रमणकारियों ने हमारे मंदिरों एवं संस्कृति पर निरंतर आक्रमण किए। हमने अपने बाहुबल से इन घटनाओं का समयोचित तरीके से उत्तर सनातन संस्कृति तथा चिंतामण गणेश, बड़ा गणपति महाराज, कालभैरव, मंगलनाथ महाराज और श्री सिद्धनाथ महाराज देवस्थानों को पुनर्स्थापित कर दिया। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस न पहुंचे इसके लिए उज्जैन सहित प्रदेश के अन्य धार्मिक नगरों में जल्द ही पूर्ण शराब बंदी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा संपूर्ण ध्यान धार्मिक, प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को प्रदेश में बढ़ावा देने पर है। इससे प्रदेशवासियों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और प्रदेश का चहुँमुखी विकास होगा।

**अमर शहीद हेमू कालाणी: भारत माता के वीर सपूत**

हेमू कालाणी एक ऐसे क्रांतिकारी थे जिन्होंने भारत की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। सिंध के सुक्कुर में जन्मे हेमू कालाणी ने बहुत कम उम्र में ही देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत होकर अंग्रेजी शासन के खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने बचपन से ही विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार कर स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का आग्रह लोगों से किया।

## प्रतिबंधित पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक विक्रेताओं के विरुद्ध निगम ने की बिट्टन मार्केट में कार्यवाही

भोपाल(आरएनएस)। नगर निगम द्वारा प्रतिबंधित पालीथीन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक विक्रेताओं के विरूद्ध मुख्य बाजारों एवं साप्ताहिक हाट बाजारों में कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में सोमवार को निगम के विभिन्न जोनों के दलों ने संयुक्त रूप से बिट्टन मार्केट साप्ताहिक बाजार में कार्यवाही करते हुए 06 किलोग्राम प्रतिबंधित पालीथीन/सिंगल यूज प्लास्टिक जप्त की और उन्हें अनुपयोगी बनाया साथ ही 94 प्रकरणों में 09 हजार 500 रूपये की राषि का जुर्माना किया।निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन द्वारा प्रतिबंधित पालीथीन/सिंगल यूज प्लास्टिक विक्रेताओं के विरूद्ध कार्यवाही करने संबंधी निर्देषों के परिपालन में निगम अमले द्वारा मुख्य बाजारों एवं साप्ताहिक हाट बाजारों में निरंतर सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में निगम के जोन क्रमांक 06, 07, 08, 10 एवं 21 के स्वास्थ्य विभाग के अमले के दलों ने बिट्टन मार्केट साप्ताहिक हाट बाजार में कार्यवाही करते हुए अलग-अलग दुकानों से 06 किलोग्राम प्रतिबंधित पालीथीन/सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री जप्त की और इसे अनुपयोगी बनाते हुए 94 प्रकरणों में 09 हजार 500 रुपये का जुर्माना किया।

## जनसुनवाई में परिवार सहित आये व्यक्ति ने पेट्रोल डालकर गाड़ी में लगा दी आग

भोपाल (ए.)। राजधानी में मंगलवार को कलेक्ट्रेट में होने वाली जनसुनवाई के दौरान उस समय हड़कंप मच गया जब यहॉ एक व्यक्ति परिवार के साथ अपने चार पहिया वाहन से कलेक्ट्रेट पहुंचा और वाहन को कलेक्ट्रेट परिसर में ही खड़ा कर दिया। बाद में जनसुनवाई शुरू होने पर पहले तो वह व्यक्ति अंदर गया, कुछ ही देर बाद वह बाहर आया और कलेक्ट्रेट के गेट पर खड़ी अपने वाहन पर पैट्रोल डालकर आग लगा दी। बताया गया है की इस दौरान परिवार के कुछ सदस्य गाड़ी के अंदर ही थे। लोगों ने फौरन ही परिवार को गाड़ी से दूर ले जाकर उनकी जान बचा ली। मिली जानकारी के मुताबिक नाथु बरखेड़ा गांव में रहने वाले रघुनाथ सिंह अपनी पत्नी शक्कर बाई व दो अन्य के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। सोशल मीडिया में वायरल आवेदन पत्र



के अनुसार यह आवेदन शक्कर बाई पति स्वर्गीय रघुनाथ सिंह की तरफ से आवेदन दिया गया है। आवेदन में बताया गया है, कि परिवार बरखेड़ा नाथू में रहता है। उनके परिवार की संपत्ति हड़पने के लिए गलत तरीके से नोटिस देकर परेशान किया जा रहा है। जबकि उन्हें पेशी की तारीख एसडीएम कोर्ट से नहीं दी जा रही है। पीड़ित परिवार ने किसी प्रमोद सोनी पर आरोप लगाया है। परिवार के अनुसार प्रताप सिंह की तरफ से जबरिया फर्जी अपील लगाई गई है। अरेरा कॉलोनी के एक मकान का पता लिखकर शैलेंद्र पटेल का नाम लिखा है। आरोप है कि शैलेंद्र पटेल ने दस लाख रुपए देकर 12 लाख रुपए का ब्याज वसूल लिया। फर्जी एग्रीमेंट के कारण पूरा परिवार परेशान हो चुका है। आवेदन के अंत में अरुण श्रीवास्तव, विक्रम शर्मा, राजेश गिरी और डीपी पटेल का नाम है। इन सभी ने पूरे परिवार को आत्महत्या के लिए मजबूर कर दिया है। परिवार ने बताया है कि इस संबंध में 31 दिसंबर को जनसुनवाई में भी शिकायत की गई थी। हालांकि आवेदन में लिखे नामों को लेकर फिलहाल स्थिति साफ नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि वे गाड़ी में पहले से ही पेट्रोल लेकर लाए थे। आग लगते ही गाड़ी घू-धू कर जलने लगी। कुछ ही देर बाद घटना का वीडियो और पीड़ित परिवार का आवेदन सोशल मीडिया में वायरल हो गया।

## मिसरोद रेलवे फाटक ट्रैक अनुरक्षण कार्य हेतु अस्थाई रूप से बंद

भोपाल (निप्र)। भोपाल मंडल के मिसरोद रेलवे स्टेशन के यार्ड में स्थित समपार फाटक क्रमांक 246/SPL (मिसरोद रेलवे क्रॉसिंग) पर ट्रैक अनुरक्षण (टीआरआर) कार्य किया जाना है। अनुरक्षण कार्य के दौरान यह समपार फाटक दिनांक 23.01.2025 और 24.01.2025 को सुबह 08:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक सड़क यातायात के लिए पूर्णतः बंद रहेगा। इस दौरान वैकल्पिक मार्ग के रूप में आवागमन मिसरोद गाँव के अंडर ब्रिज एवं बावड़िया कलां के फ्लाईओवर के माध्यम से किया जाएगा। सड़क वाहन चालकों से अनुरोध है कि अनुरक्षण कार्य की अवधि के दौरान उपरोक्त वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।

## टमाटर की बंपर उत्पादन ने बढ़ाई किसानों की चिंता, बोले-मंडी में नहीं मिल रहे अच्छे दाम



भोपाल, (आरएनएस)। जिले में इन दिनों टमाटर की बंपर आवक हो रही है। आसपास के किसानों के खेतों में इतनी फसल आई है कि उनको तोडने् के लिए मजदूर नहीं मिल रहे हैं। दूसरी फसलों के अधिक उत्पादन पर किसान खुश होता है, लेकिन टमाटर उत्पादकों के साथ मामला उलटा है। यहां बंपर उत्पादन ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मिसरोद के किसान बाबूलाल मीणा ने तीन एकड़ में टमाटर लगाए हैं। फसल अच्छी आई है, लेकिन मंडी में 150 रुपये क्रेट (डिब्बा) तक ही टमाटर के दाम मिल रहे हैं। वहीं टमाटर फुटकर व्यापारियों के यहां 20 से 25 रुपये किलो तक बेचा जा रहा है। मीणा का कहना है कि अभी तक उनके तीन एकड़ के खेत में ढाई लाख रुपये खर्च हो चुके हैं।

## अगले माह जारी हो सकती है सत्र की अधिसूचना

भोपाल,(आरएनएस)। मध्यप्रदेश विधानसभा का अगला बजट सत्र मार्च के पहल सप्ताह में शुरु हो सकता है। ऐसे में सत्र को लेकर अधिसूचना अगले माह के प्रथम सप्ताह में जारी की जा सकती है। इससे पहले भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोज होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हो सकते हैं। गौरतलब है कि केन्द्रीय बजट एक फरवरी को लोकसभा में पेश किया जाएगा, इसके बाद मध्यप्रदेश सरकार अपना बजट विधानसभा में पारित कराएगी। इसके लिए जहां वित्त विभाग ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है हालांकि इससे पहले विभाग 16वें वित्त आयोग की बैठक की तैयारी में जुटी हुई है। आयोग पांच ओर छह मार्च को भोपाल में दो दिवसीय बैठक लेगा। इसके बाद ही सरकार अपना बजट सदन में पेश करेगा यानि यह लगभग तय है कि 16वें वित्त आयोग की बैठक के उपरांत ही मध्यप्रदेश का बजट सत्र शुरु होगा। यदि ऐसा है तो बजट सत्र मार्च के दूसरे सप्ताह में प्रारम्भ हो सकता है, ऐसे में इस सत्र के लिए अधिसूचना फरवरी माह के पहले सप्ताह जारी हो सकती है। इसके बाद से ही विधायकों द्वारा ऑनलाइन और ऑफलाइन सवालों के साथ-साथ ध्यानाकर्षण प्रस्ताव और अन्य सूचनाओं के बारे में समय तय किया जाएगा। बताया गया है कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर से मुलाकात हुई थी जिसमें सीएम ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की जानकारी देते हुए उसके बाद ही बजट सत्र शुरु करने का पक्ष रखा था।

## महाकुंभ मेला 2025: परिचालनिक कारणों से ट्रेनों के संचालन में बदलाव



भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा महाकुंभ मेला 2025 के दौरान परिचालनिक आवश्यकताओं के कारण भोपाल मंडल से गुजरने वाली निम्नलिखित ट्रेनों को निरस्त, आंशिक रूप से निरस्त/शॉर्ट टर्मिनेट करने का निर्णय लिया गया है।

निरस्त की गई ट्रेन

1.गाड़ी संख्या 20962 बनारस-उधना एक्सप्रेस दिनांक 29.01.2025 को निरस्त रहेगी।

आंशिक रूप से निरस्त/शॉर्ट टर्मिनेट की गई ट्रेनें

1.गाड़ी संख्या 14115 डॉ. अंबेडकर नगर-प्रयागराज एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से यात्रा की दिनांक 28.01.2025, 29.01.2025, 02.02.2025 और 03.02.2025 को खजुराहो स्टेशन पर 23.05 बजे शॉर्ट टर्मिनेट होगी।

2.गाड़ी संख्या 14116 प्रयागराज-डॉ. अंबेडकर नगर एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से यात्रा की दिनांक 29.01.2025, 30.01.2025, 03.02.2025 और 04.02.2025 को खजुराहो स्टेशन से 21.30 बजे प्रारंभ/शोर्ट ओरिजीनेट होगी। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

## स्वास्थ्य विभाग में कुपोषित बच्चों के लिए 7 करोड़ की राशि, चम्मन और जग की खरीदी में चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट-जीतू पटवारी



भोपाल(आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सीधी की विधायक रीति पाठक द्वारा एक कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सरकार और खासकर स्वास्थ्य विभाग में हुये भ्रष्टाचार की पोल खोलते हुये स्वयं प्रदेश सरकार के सामने 7 करोड़ की राशि गुम हो जाने और उसे ढूढ़ने का आग्रह करते हुये कहा कि मुख्यमंत्री अधोसंरचना के तहते 7 करोड़ की राशि जिला अस्पताल के लिए मिली थी, लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने उस राशि को कहा गुम कर दिया, उसका आज तक कोई अता-पता नहीं है, उन्होंने यहां तक कहा कि सीधी में जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं चरमराई हुई हैं।जीतू पटवारी ने प्रदेश की भ्रष्टाचारी सरकार पर हमला बोलते हुये कहा कि पिछले 20 साल से प्रदेश में भाजपा की सरकार है, जो भ्रष्टाचार में पूरे देश में नंबर वन पर है। यहां उनकी ही सरकार में मुख्यमंत्री से मंत्री, मंत्री से विधायक और विधायक से जनता दुखी और हताश है। भाजपा राज में पूरी प्रदेश की सत्ता भ्रष्टचार की भेंट चढ़ गई है। पटवारी ने कहा कि प्रदेश के आंगनबाड़ियों में कुपोषित बच्चों को मिलने वाले पोषण आहार में तक भ्रष्टाचार हो रहा है तो यह सरकार किसे छोड़ेगी। जिस प्रकार सांप अपने बच्चों को खा जाता है, उसी प्रकार यह सरकार प्रदेश के कुपोषित बच्चों को काल के गाल में धकेलने में कोई कसर नहीं छोड़ रहीं हैं, इसलिए प्रदेश भ्रष्टाचार और कुपोषण में नंबर वन पर है।

उन्होंने कहा कि तत्कालीन शिवराज सरकार में सिंहस्थ मेले के दौरान सामग्री खरीदी में करोंड़ों रूपयों को भ्रष्टाचार सामने आया था, जिसमें 400 रूपये का मटका 4000 रूपये में खरीदा गया था, नर्मदा किनारे वृक्षारोपण में करोड़ों रूपयों का भ्रष्टाचार उजागर हुआ था, जिसमें 100 रूपये का ट्रीगाड 1500 रूपयें में खरीदी गया ऐसी अनेकों सामग्री है जिसमें निर्धारित दर से 10 गुना से अधिक की दर से खरीदी कर भारी भ्रष्टाचार किया गया और अब कुपोषित बच्चों के लिए खरीदी गई सामग्री जिसमें 10 रू. की चम्मच 810 रूपयें में खरीदी गई, 100 रूपये का सर्विंग स्पून 1247 रूपये में और 400 रूपये का जग 1348 रूपये में खरीदा गया। यानि भाजपा राज में भ्रष्टाचार की कोई सीमा ही नहीं बची है। जीतू पटवारी ने कहा कि सीधी जिले की विधायक रीति पाठक ने सार्वजनिक मंच से प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी पर कड़ा ऐतराज लगाते हुये पड़ोसी जिले रीवा के विधायक, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को उनके द्वारा लिखे पत्रों का जवाब न देने और मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत राशि के गबन का आरोप सीधे तौर पर अपनी ही सरकार पर लगाया है।

## परिवार कल्याण सेवाओं में सहयोग के लिए आगे आ रहे गैर सरकारी संगठन

भोपाल (आरएनएस)। परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत नसबंदी सेवाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्यक्रम में गैर सरकारी संगठनों को सहयोग भी लिया जा रहा है। इन संस्थाओं के माध्यम से सेवा प्रदायगी, मोबाइलाइजेशन, जागरूकता गतिविधियां की जाएंगी। इसी कड़ी में फाउंडेशन ऑफ रिप्रोडक्टिव हेल्थ सर्विसेज इंडिया संस्था द्वारा कृष्णा आर्केड बागसेवनिया में वन स्टॉप परिवार कल्याण केंद्र की शुरुआत की गई है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी, उप संचालक परिवार कल्याण कार्यक्रम डॉ. प्रमोद गोयल, सब डिविजनल मेडिकल ऑफिसर डॉ. अश्विन भंबल, राज्य सलाहकार जयदीप, एफआरएचएस इंडिया के राज्य प्रमुख विपिन कुमार उपस्थित रहे। संस्था में डॉ. रमेश बडवे, डॉ.शालिनी सक्सेना एवं डॉ. आभा जिंदल द्वारा सेवाएं दी जाएगी। संस्था को जिला क्वालिटी एश्योरेंस समिति द्वारा मान्यता दी गई है।

## महाप्रबंधक की अध्यक्षता मे संरक्षा की समीक्षा बैठक आयोजित

भोपाल (निप्र)। पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में को-आर्डिनेशन रिव्यु मीटिंग सम्पन्न हुई। इस बैठक में अपर महाप्रबंधक/प्रमुख मुख्य यांत्रिकी इंजीनियर नितिन चौधरी एवं प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी प्रवीन खोराना, प्रमुख मुख्य दूरसंचार एवं संकेत इंजीनियर एकनाथ मोहकर, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक गुरिंदर मोहन सिंह, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधल कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य इंजीनियर आशुतोष, प्रधान वित्त सलाहकार सुश्री मनजीत कौर, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी प्रभात, प्रमुख मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर मुकेश, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एम, एस हाशमी सहित मुख्यालय के अन्य विभाग के प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। इसके आलावा जबलपुर, भोपाल एवं कोटा के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। बैठक में स्टेशन पुनर्विकास, कैपिटल एक्सपेंडिचर (कैपेक्स), फ्रेट लोडिंग, ओरजिनेटिंग रेवन्यू बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। इसके साथ ही की-परफॉर्मेंस इन्डेक्स (केपीआई) के सभी बिंदुओं पर फोकस रखने, गतिशक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीएसटी) एवं प्राइवेट फ्रेट टर्मिनल (पीएफटी) को विकसित करने, गुड्स ट्रैफिक में इम्प्रूवमेंट एवं ट्रेनों के सेफ्टी अनुक्षण जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर





विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा रेल कर्मियों को सेफ्टी से अनुरक्षण के दौरान मिलने वाली सुविधाओं एवं सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय एवं रेलगाड़ियों के संरक्षित परिचालन पर जोर देने की बात कही गई। इसके साथ ही ट्रेनों के कवच इंस्टालेशन जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को रेलवे प्रोजेक्ट्स कार्यो एवं स्टेशन रिडवलपमेंट के कार्य की समीक्षा और तेजी लाने के लिए आवशयक दिशा-निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने संरक्षा एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने संरक्षा से सम्बंधित सुधारों को योजनाबद्ध तरीके से पालन करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने रेलगाड़ियों की पंक्चुअलिटी मॉनिटर करने, एवं ट्रेनों की स्पीड सबंधी कार्यो तथा सेफ्टी पर जोर देने की बात कही। महाप्रबंधक ने तीनों मण्डल पर कैपिटल एक्सपेंडिचर (कैपेक्स) का अधिकतम उपयोग के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मीटिंग के दौरान महाप्रबंधक ने कहा कि ओरजिनेटिंग रेवन्यू बढ़ाने के हेतु कारगर उपायों पर ध्यान दिया देने की आवश्यकता है। इसके आलावा तीनों मण्डलों को गुड्स ट्रैफिक में इम्प्रूवमेंट गतिशक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीएसटी) एवं प्राइवेट फ्रेट टर्मिनल (पीएफटी) को विकसित करने के लिए निरंतर मॉनटरिंग सुनिश्चित की जाय। इसके अलावा स्टेशन पुनर्विकास अधोसरंचना निर्माण कार्यो में तेजी लाने और समयसीमा में पूर्ण करने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

महाप्रबंधक ने अधोसरंचना के कार्यो जैसे कवच इंस्टालेशन की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि रेलवे के लिए संरक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने रेलवे राजस्व एवं यात्री सुविधाओं में बढ़ोत्तरी के कार्य और परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और तीनों मण्डल के सम्बंधित अधिकारियों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिये।

## संक्षिप्त समाचार

### अदालत ने खारिज किया एक करोड़ के मुआवजे का केस

भोपाल, (आरएनएस)। एक्सीडेंट में टीबी अस्पताल के लैब टेक्नीशियन की मौत पर एक करोड़ की मुआवजा राशि के क्लेम को जिला न्यायाधीश प्रशांत शुक्ला ने खारिज कर दिया है। एक्सीडेंट के तीन दिन बाद पुलिस ने अज्ञात बाइक द्वारा टक्कर मारे जाने और डेढ़ माह के बाद बाइक का नंबर बताए जाने को संदिग्ध मानते हुए प्रकरण खारिज कर दिया। मामले के अनुसार 17 दिसम्बर 2019 को ओमप्रकाश गोस्वामी नामक व्यक्ति को बाइक सवार ने शिवाजी नगर भोपाल में टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने से ओमप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए थे। 20 दिसम्बर को उनकी मौत हो गई थी। एडवोकेट कृष्णा शर्मा ने उनकी ओर से मुआवजा राशि के लिए बाइक मालिक और चालक तथा आईसीआईसीआई लोम्बार्ड जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटड के खिलाफ क्लेम का केस अदालत में प्रस्तुत कियाा गया था कोर्ट ने तर्कों के आधार पर केस खारिज कर दिया।

### दादी-नानी का प्यार बना जीवन का सहारा, दो महीने तक सीने से लगाकर जुड़वां बच्चों को दी नई जिंदगी

भोपाल (आरएनएस)। बचपन में हर बच्चा दादी-नानी की कहानियों के साथ बड़ा होता है। माता-पिता के रूठे बच्चे दादी-नानी के प्यार से ही मुस्कुराते थे। ऐसा ही प्यार एक बार फिर एम्स भोपाल में नजर आया। यहां जन्म से कमजोर जुड़वा बच्चों के लिए दादी-नानी का प्यार और कोमल अहसास नई जिंदगी बनकर आया। दादी-नानी ने इन बच्चों को दो महीने तक अपने सीने से चिपका कर कंगारू केयर थेरेपी दी और इस रिश्ते को एक बार फिर जीवंत बना दिया। जानकारी के अनुसार, सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित एक गर्भवती ने एम्स में जुड़वां बच्चों को जन्म दिया। मां बहुत कमजोर थी, लिहाजा बच्चों का जन्म सात माह की गर्भावस्था में ही हो गया। बच्चे बहुत कमजोर थे। बच्चों की जिंदगी के लिए डॉक्टरों को इलाज से ज्यादा मां के कोमल अहसास पर भरोसा था। बच्चों की मां की स्थिति ऐसी नहीं थी कि वह एक साथ दो बच्चों को कंगारू मदर केयर दे सके, इसलिए दादी-नानी को चुना। डॉक्टरां के सुझाव में दादी-नानी ने दो महीने तक बच्चों को अपने आंचल में छुपाकर कंगारू मदर केयर थेरेपी दी। दादी-नानी से मिले प्यार से दोनों बच्चे अब पूरी तरह स्वस्थ्य हैं।

### इटारसी-प्रयागराज छिक्की ट्रेन के चुनार स्टेशन तक फेरों में वृद्धि

भोपाल, (आरएनएस)। रेल प्रशासन द्वारा महाकुंभ मेले के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए प्रयागराज छिक्की इटारसी एक्सप्रेस ट्रेन को चुनार स्टेशन तक चलाने का निर्णय लिया है। प्रयागराज छिक्की से चुनार के मध्य चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के फेरों में बढ़ोतरी की गई है। जिन तिथियों में यह ट्रेन चुनार तक नहीं जा रही थी, अब उन तिथियों में भी चुनार तक चलाई जाएगी। अब गाड़ी संख्या 17273 इटारसी-प्रयागराज छिक्की एक्सप्रेस ट्रेन 19 जनवरी से 27 फरवरी तक और गाड़ी संख्या 11274 प्रयागराज छिक्की-इटारसी एक्सप्रेस ट्रेन 20 जनवरी से 28 फरवरी तक रोजाना चलेगी।

### एनसीसी चार एमपी बटालियन ए की सर्टिफिकेट परीक्षा का आयोजन

भोपाल,(आरएनएस)। राजधानी के एमवीएम कॉलेज के मैदान में चार एमपी बटालियन की दो दिवसीय ए सर्टिफिकेट परीक्षा सोमवार को आयोजित की गई। इस परीक्षा में भोपाल के 12 स्कूलों के 400 एनसीसी कैडेट्स शामिल हुए। इनमें जूनियर डिवीजन (जेडी) और जूनियर विंग (जेडब्ल्यू) के कैडेट्स शामिल थे। पहले दिन के कैंडेट्स के शारीरिक परीक्षण ड्रिल, मैप रीडिंग और हथियार प्रशिक्षण जैसी गतिविधियां आयोजित की गई। दूसरे दिन उनके लिखित परीक्षा के माध्यम से सिद्धांत ज्ञान का परीक्षण होगा पहले दिन के कार्यक्रम में चार एमपी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अजय कोहली मौजूद रहे।

### भूमिहीन कृषकों पर हमीदियाा कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

भोपाल,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय हमीदिया महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा भूमिहीन कृषि श्रमिकों का सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण विषय पर एक दिनी राष्ट्रीय संगोष्ठी गत दिवस आयोजित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में मप जनअभियन परिषद् एवं योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के ईडी डॉ. धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय और मुख्य वक्ता के रूप में सामाजिक समरसता के अखिल भारतीय संयोजक श्याम प्रसाद उपस्थित थे। डॉ. पाण्डेय ने परिषद द्वारा ग्रामीण विकास हेतु किये जा रहे कार्यों के बारे में बताया।

### सौरभ के ठिकानों से ईडी को मिले 12 लाख नकद और दस किलो चांदी

भोपाल(आरएनएस)। ईडी भोपाल ने विगत 17 जनवरी को सौरभ शर्मा के भोपाल, ग्वालियर और पुणे (महाराष्ट्र) में मौजूद ठिकानों पर छापों के दौरान लाखों की नकदी मिली है। परिवहन विभाग में आरक्षक रहे सौरभ शर्मा के इन तीन ठिकानों से ईडी ने 12 लाख रुपए की नकदी, लगभग 9.9 किलोग्राम चांदी (बाजार भाव 9.17 लाख रुपए), डिजिटल उपकरण और संपत्ति के कई दस्तोवज मिले हैं। ईडी ने सोमवार को एक्स पर इन छापों की अधिकृत जानकारी देकर बताया कि सौरभ शर्मा से जुड़े कई बैंक खातों में जमा 30 लाखा रुपए की राशि को भी पीएमएलए, 2002 के प्रावधाान के तहत फ्रीज कर दिया है।

### पॉश कालोनियों में सडक़ें जर्जर, पार्क बदहाल

भोपाल, (आरएनएस)। कोलार के प्रवेश द्वार सर्वधर्म बी सेक्टर से लेकर दानिशकुंज तक का एरिया वार्ड 82 में आता है। इस वार्ड का नाम दाशिकुंज है। यहां मतदाताओं की संख्या करीब 24 हजार है। वार्ड में छोटी-बड़ी मिलाकर 30 से अधिक कालोनियां हैं। इस वार्ड की बदहाली को दूर करने के लिए प्रशासन करोड़ों रुपए खर्च कर चुका है, लेकिन वार्ड की समस्याओं का समाधान आज तक नहीं हुआ। पॉश कालोनियों की जर्जर सडकें, खुले में कचरे के ढेर, सडक़ों पर बहता सीवेज, वर्षा में जलभराव, बदहाल पार्क, बंद स्ट्रीट लाइटों की वजह से नागरिक आज भी परेशान हैं। सवधर्म बी सेक्टर में खुले में कचरे के ढेर, सर्वधर्म सी सेक्टर की जर्जर सडक़ें, शिरडीपुरम का बदहाल पार्क, बंजारी गांव की जर्जर टंकी, सागर प्रीमिम टावर के मेन रोड पर वर्षा के सीजन में ओवर फ्लो होता सीवेज, दानिशकुंज डीके दो में जलभराव की समस्याओं से आज भी नागरिक परेशान हैं।

# गजब है मामला : पागल कुत्ते ने भैंस को काटा तो दूध पीने वालों में मचा हड़कंप, इंजेक्शन लगाने दौड़े अस्पताल




ग्वालियर (ए.)। एमपी अजब है तो ग्वालियर गजब है और उससे ज्यादा गजब हैं ग्वालियर में होने वाले कारनामे। ऐसा ही एक मामला ग्वालियर के डाबरा क्षेत्र में देखने को मिला, जब एक पागल कुत्ते ने एक भैंस को काट लिया अब उसका दूध पीने वाले अपने को इंजेक्शन लगवाने के लिए अस्पताल की तरफ भाग रहे हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग की मानें तो कुत्ते के काटने से उस भैंस का दूध पीने वालों को किसी तरह का कोई खतरा नहीं है लेकिन फिर भी लोग खुद को बचाने के लिए इंजेक्शन लगवाने पहुंच गए जो कि दिनभर चर्चाओं का विषय रहा।

इन दिनों शहर में डॉग बाइट के केस में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। रोजाना तीन से चार सैकड़ा लोग कुत्तों के काटने का शिकार हो रहे हैं। स्थिति यह है कि अब लोगों का अपने घरों से निकलना भी मुश्किल हो गया है। घर से बाहर निकलते ही आवारा घूम रहे कुत्ते तत्काल हमला कर देते हैं, जिसका खामियाजा लोगों को इंजेक्शन लगाकर चुकाना पड़ता है। शहर में बढ़ती जा रही है कुत्तों की आबादी पर नगरीय प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं और किसी भी तरह के सवालों का जवाब देने से बचते फिर रहे हैं।

बीते रोज लगभग 15 लोग ग्वालियर के मुरार अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने रेबीज डॉट लगवाने की मांग की। डॉक्टर ने जब उनसे जानकारी ली तो पता लगा कि घर के पास जहां वे एक भैंस का दूध लेने जाते हैं, उस भैंस को कुत्ते ने काट लिया था। भैंस को कुत्ते के काटने पर उन्हें किसी भी तरह का खतरा न हो इसके लिए सावधानी बरतते हुए पहले ही वह इंजेक्शन लगवाने के लिए आए हैं।

## फिल्मी स्टाइल में रील बनाना पड़ा भारी, इंदौर के कॉन्स्टेबल पर हुई बड़ी कार्रवाई

इंदौर (ए.)। इंदौर के कॉन्स्टेबल जितेंद्र सिंह तंवर का फिल्मी अंदाज उन्हें भारी पड़ गया, जब उन्होंने फिल्म 'पुष्पा' के किरदार 'शेखावत सर' की नकल करते हुए सोशल मीडिया पर एक रील बनाई। इस रील में वह सिगरेट पीते और बिना हेलमेट बाइक पर बैठे नजर आ रहे हैं। यह वीडियो वायरल होने के बाद उन्हें जमकर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। उनकी इस हरकत के कारण विभाग ने सख्त कार्रवाई की। उन्हें ट्रैफिक ड्यूटी पर भेज दिया गया, हेलमेट न पहनने पर चालान काटा गया और सिगरेट पीने पर नगर निगम ने स्पॉट फाइन लगाया। साथ ही, पीआरटीएस डीआईजी ने उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

**वर्दी में ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए दिखे।**

वायरल वीडियो में कॉन्स्टेबल 'शेखावत सर' बने नजर आ रहे हैं, और उनके साथ एक अन्य युवक 'पुष्पा' के अंदाज में बाइक चला रहा है। वीडियो में दोनों बिना हेलमेट और वर्दी में ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए दिखे।

## विविध-समाचार

### पत्नी के खिलाफ सुसाइड नोट लिखकर फोटोग्राफर ने दी जान, 30 लाख की डिमांड से था परेशान



इंदौर (ए.)। इंदौर के बाणगंगा इलाके में नितिन पडियार (28) नामक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पहले उसने 14 पन्नों का सुसाइड नोट लिखा, जिसमें अपनी पत्नी और ससुरालवालों पर गंभीर आरोप लगाए। नितिन यादव नंद नगर का निवासी था और इवेंट फोटोग्राफी का काम करता था। सोमवार रात जब उसका बड़ा भाई सूरज उसे खाने के लिए बुलाने गया, तो नितिन को फंदे पर लटका हुआ पाया। सुसाइड नोट में नितिन ने लिखा, 卐मेरी मौत का जिम्मेदार सिर्फ मेरी पत्नी हर्षा शर्मा, सास सीता शर्मा, साली मीनाक्षी और वर्षा शर्मा हैं। मम्मी, मेरे जाने के बाद रोना मत। मैं वापस तुम्हारा बेटा बनकर आऊंगा। भारत सरकार से विनती है कि शादी के कानून में बदलाव करें, क्योंकि महिलाएं इसका दुरुपयोग कर रही हैं।

**30 लाख रुपए की मांग की गई**

नितिन ने अपने नोट में युवाओं से शादी न करने या एग्रीमेंट के साथ शादी करने की सलाह दी। उसने यह भी लिखा कि अगर कोई उसके साथ हुए अन्याय को समझता है, तो उसे न्याय दिलाए।

नितिन और हर्षा की मुलाकात दोस्तों के माध्यम से हुई थी। दोनों ने लिव-इन में रहने के बाद शादी की। 2023 में हर्षा अपने मायके राजस्थान गई और वापस नहीं लौटी। हर्षा ने तलाक और भरण-पोषण का केस दर्ज किया, जिसमें 30 लाख रुपए की मांग की गई। यह बात नितिन के तनाव का कारण बन गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अरविंदो अस्पताल भेजा है। मामले की जांच की जा रही है। इस घटना ने महिला सशक्तिकरण कानून के दुरुपयोग को लेकर सवाल खड़े किए हैं।

### टायर फटने से यात्री बस पुलिया से उतरकर जंगल में जा घुसी, दस से अधिक यात्री घायल; बड़ा हादसा टला




दमोह (ए.)। दमोह जिले के मडियादो थाना क्षेत्र के वर्धा मार्ग पर मंगलवार सुबह एक यात्री बस का अगला टायर फट गया, जिससे बस अनियंत्रित होकर तीन फीट ऊंची पुलिया से उतरकर जंगल में पहुंच गई। बस का नीचे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और करीब दस से अधिक यात्री घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए 108 की मदद से अस्पताल लाया गया। घटना की जानकारी लगते ही थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंच गए। ड्राइवर की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार मडियादो के गर्ग कंपनी की यात्री बस मंगलवार सुबह प्रतिदिन की भांति पन्ना जिले के अमानगंज जा रही थी। वर्धा के समीप पुलिया पर पहुंचते ही ड्राइवर साइड का टायर फट गया और बस अनियंत्रित होकर पलटने लगी, तभी ड्राइवर रमजान ने बस को जंगल की ओर मोड़ दिया, जिससे बस आगे जाकर रुक गई और पलटने से बच गई।

## मुंह पर काली पट्टी बांधकर युवाओं ने किया तहसीलदार का विरोध, कलेक्ट्रेट पहुंचकर की नारेबाजी

दमोह (ए.)। दमोह में युवाओं ने सोमवार को तहसीलदार मोहित जैन के खिलाफ फिर अपना प्रदर्शन किया है और उल्टे बाजे बजाकर विरोध जताया है। युवाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रतीकात्मक विरोध करते हुए बेशरम का पौधा भेंट किया, जिसमें कुछ नकली नोट भी लगे थे और कार्रवाई की मांग की गई।

भाजपा पार्षद विक्रांत गुप्ता ने बताया तहसीलदार मोहित जैन ने पुराना तालाब के पास एक मॉल संचालक को फायदा पहुंचाने के लिए वहां वर्षों से रह रहे लोगों के घरों को अतिक्रमण में निर्माण होना बताकर तुड़वा दिया। यह मामला पहले भी प्रशासन के सामने उठाया जा चुका है, लेकिन तहसीलदार पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

युवा नेता नित्या प्यासी ने आरोप लगाया कि फुटेरा तालाब की जमीन का कुछ हिस्सा भी भू-माफियाओं के नाम कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिस तरह कीचड़ में बेशरम का पौधा पनपता है, उसी तरह भ्रष्ट अधिकारी रिश्वत लेकर फल-फूल रहे हैं।

प्रदर्शनकारियों ने अस्पताल चौराहे पर उल्टे बाजे भी बजवाए, जो बुंदेलखंड में किसी को मौत होने पर अंतिम यात्रा के दौरान बजाए जाते है। नित्य प्यासी ने कहा कि भ्रष्टाचार और लालच में डूबे अधिकारी उल्टे बाजे पर भी नाचने को तैयार रहते हैं। युवाओं ने तहसीलदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की और कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपने ज्ञापन के साथ बेशरम का पौधा सौंपा।

## शादी में लड़की के पिता ने चला दी गोली, छर्रा लगने से तीन लोग हुए जख्मी; इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती

गुना (ए.)। मध्यप्रदेश के विदिशा जिले के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्र में वैवाहिक कार्यक्रम की परंपरा को निभाने के लिए किए गए हर्ष फायर के दौरान एक किशोर सहित तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें गुना के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक यह पूरा घटनाक्रम विदिशा जिले के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्र का है। जहां मांगलिक कार्यक्रम में किए गए हर्ष फायर के दौरान एक किशोर सहित तीन लोगों को गोली के छर्रे लग गए। तीनों घायलों को गंभीर हालत में गुना के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना गुना के पड़ोसी जिला विदिशा के आनंदपुर थाना अंतर्गत हरिपुर गांव की है।

## नोटिस बटे तो 7 गांव में मच गया हड़कंप, सोसायटी पहुंचे किसानों ने कहा- नहीं भर सकते इतना रुपया



उज्जैन (ए.)। उज्जैन अंबोदिया सोसायटी के अंतर्गत आने वाले 7 गांव के किसान इन दिनों वसूली के नोटिस मिलने से बुरी तरह परेशान है। इन लोगों का कहना है कि लगभग 8 वर्षों से यह सोसाइटी बंद है, लेकिन अचानक समिति ने हमें वसूली के नोटिस जारी कर दिए हैं, जिन्हें एक सप्ताह में दी गई राशि भरना है। वरना कानूनी कार्रवाई करने का डर बताया जा रहा है। लगभग 500 किसानों को मिले इस नोटिस से हड़कंप मचने का मुख्य कारण यह है कि नोटिस में मूल के साथ ही ब्याज राशि भी तगड़े रूप से वसूली जा रही है। जिन किसानों को समिति का 1 लाख रुपया भरना था, उनसे 2 लाख तक वसूले जा रहे हैं।

किसान अशोक जाट ने बताया कि पिछले 8 वर्षों से अंबोदिया सोसायटी बंद पड़ी हुई है, क्योंकि यहां के कर्मचारियों द्वारा की गई गड़बड़ी के कारण इसे पूर्व में बंद कर दिया गया था। लगभग 8 वर्षों से इस समिति के किसान फसलों के बीमा और खाद बीज के लिए परेशान हो रहे हैं, लेकिन इन किसानों को राहत देने की बजाय अंबोदिया सोसायटी के जिम्मेदारों ने किसानों को वसूली नोटिस जारी कर दिए हैं।


इस नोटिस के तहत अगर 7 दिनों मे किसान यह राशि नहीं भरते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अशोक जाट ने बताया कि लगभग 500 किसानों को 7 गांव में यह नोटिस बांटे गए हैं। नोटिस भेजने के दौरान काफी अनियमितता हुई है, क्योंकि जिन किसानों पर एक लाख का कर्ज था, उनसे लगभग इतने ही राशि का ब्याज वसूला जा रहा है।

साथ ही उन लोगों को भी नोटिस भेजे गए हैं, जिनके नाम क्षेत्र में कोई जमीन ही नहीं है।

# व्यापार समाचार

## सोने-चांदी की कीमतों में एक बार फिर आया भारी उछाल

**- सोना 78,896 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी 92,133 रुपए प्रति किलोग्राम**



नई दिल्ली (ए.)। सप्ताह के दूसरे दिन मंगलवार को सोने-चांदी की कीमतों में एक बार फिर बड़ा फेरबदल हुआ है। मंगलवार को एमसीएक्स पर सोने का वायदा भाव 0.45 फीसदी की तेजी के साथ 78,896 रुपए प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी की कीमत 0.76 फीसदी बढ़त के साथ 92,133 रुपए प्रति किलोग्राम पर है। पिछले हफ्ते सोने-चांदी के दाम में तेजी रही थी। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार पिछले शनिवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 78,018 रुपए था, वहीं इस हफ्ते चांदी 552 रुपए महंगी होकर 90,820 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। पिछले शनिवार को ये 90,268 रुपए प्रति किलो पर थी। सोने ने पिछले साल 30 अक्टूबर को 79,681 प्रति 10 ग्राम का उच्च स्तर बनाया था। वहीं चांदी 23 अक्टूबर 2024 को 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

## शेयर बाजार : निवेशकों के 7.25 लाख करोड़ डूबे

### >>> सेंसेक्स 1235 अंक, निफ्टी 320 अंक गिरा



मुम्बई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को भारी गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। आज सुबह बढ़त के साथ कारोबार की शुरुआत के बाद भी शाम होते-होते बाजार टूट गया। आज कारोबार के दौरान ही जोमैटो, अदाणी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील और भारती एयरटेल जैसे हैवी वेटेज स्टॉक्स में भारी बिकवाली से बाजार नीचे आया। जानकारी के अनुसार भारत को लेकर डोनल्ड ट्रंप सरकार की योजनाओं को लेकर जारी संशय से भी निवेशकों ने बाजार से दूरी बनाये रखी।

दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स लगभग 200 अंक ऊपर आकर 77,261 पर खुला। थोड़ी देर बाद में यह नीचे आने लगा। अंत में सेंसेक्स 1235 अंक करीब 1.60 फीसदी फिसलकर 75,838.36 पर बंद हुआ। इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी बढ़त के साथ खुला था पर बाद में ये भी नीचे आने लगा। इंट्राडे कारोबार में यह 22,976.85 तक नीचे खिसक गया। अंत में निफ्टी 320 अंक तकरीबन 1.37 फीसदी की बड़ी गिरावट लेकर 23,024.65 पर बंद हुआ।

जानकारों के अनुसार रिलायंस् इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, जोमैटो, एसबीआई और एचडीएफसी बैंक जैसे हैवी वेटेज वाले शेयरों में गिरावट की वजह से बाजार फिसला। इसके साथ ही अब तक ज्यादातर देसी कंपनियों के तीसरी तिमाही के परिणाम उम्मीद से कम रहे हैं। इससे निवेशकों के मन में घबराहट बनी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के पड़ोसी देशों पर हायर ट्रेड टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद बाजार में भारी अस्थिरता आई। ट्रंप ने पदभार संभालने के कुछ ही घंटों के अंदर पड़ोसी देशों पर व्यापार शुल्क लगाने की योजना घोषित कर दी।

## भारत दुनिया का इंजीनियर बनने जा रहा है : अर्जेंटीना

**- भारत भविष्य में एलएनजी जैसे क्षेत्र में भूमिका बढ़ाने के लिए हो सकता है महत्वपूर्ण उपभोक्ता**



नई दिल्ली (ए.)। अर्जेंटीना की तेल और गैस कंपनी वायपीएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भारत की तेजी से बढ़ती आर्थिक वृद्धि और बड़ी आबादी के कारण विश्व के अगले दशक में इंजीनियरिंग के क्षेत्र में नेतृत्व करने की संभावना जताई है। उन्होंने एक बातचीत के दौरान भारत की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए उज्ज्वल भविष्य की ओर इशारा किया। उन्होंने बताया कि भारत भविष्य में एलएनजी जैसे क्षेत्र में भूमिका बढ़ाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण उपभोक्ता हो सकता है और अर्जेंटीना भारत के लिए मुख्य आपूर्तिकर्ता बन सकता है। इसके साथ ही, दोनों देशों के बीच लिथियम के क्षेत्र में भी सहयोग के अवसरों की बात की गई है। लिथियम भारत के इलेक्ट्रिक वाहन और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण है। इस मुद्दे पर भारत के राजदूत मारियानो कॉसिनो ने भी महत्वपूर्ण चर्चा की और दोनों देशों के बीच मित्रता और आर्थिक संबंधों की महत्वपूर्णता पर जोर डाला। उन्होंने बताया कि भारत और अर्जेंटीना के बीच व्यापारिक संबंध मजबूत हो रहे हैं और उन्होंने पिछले साल अपने संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मनाई थी।

## रबी के सीजन में 640 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में हुई फसलों की बुआई

नई दिल्ली (आरएनएस)। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, रबी के सीजन में अब तक 640 लाख हेक्टेयर से अधिक के क्षेत्र में बुआई की गई है। पिछले वर्ष लगभग 637.5 लाख हेक्टेयर में फसलों की बुआई की गई थी।

पिछले वर्ष इसी अवधि में 315.63 लाख हेक्टेयर की तुलना में इस बार गेहूं की कुल बुआई 320 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हुई है। इससे इस सीजन में अनाज का उत्पादन बढ़ने की उम्मीद है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, सर्दियों की बारिश से भी फसल को लाभ मिलने की उम्मीद है।

दलहन के अंतर्गत कुल क्षेत्रफल पिछले वर्ष की इसी अवधि के 139.29 लाख हेक्टेयर की तुलना में इस वर्ष 141.69 लाख हेक्टेयर हो गया है। इससे दालों की कीमतों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी।

श्री अन्ना और मोटे अनाज के तहत 54.49 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खेती की गई है, जबकि तिलहन की बुआई 97.62 हेक्टेयर में की गई है। वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा के अनुसार, आने वाले दिनों में खाद्य मुद्रास्फीति में कमी आने की उम्मीद है और अर्थव्यवस्था के गति पकड़ने की संभावना है। क्योंकि कृषि क्षेत्र को अनुकूल मानसून की स्थिति, बढ़े हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य और इनपुट की पर्याप्त आपूर्ति से लाभ होने की संभावना है। सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित भारत की खुदरा मुद्रास्फीति दर पिछले साल दिसंबर में 5.22 प्रतिशत के 4 महीने के निचले स्तर पर आ गई, क्योंकि महीने के दौरान सब्जियों, दालों और चीनी की कीमतों में कमी आई, जिससे घरेलू बजट को राहत मिली। अक्टूबर में 6.21 प्रतिशत के 14 महीने के उच्चतम स्तर को छूने के बाद मुद्रास्फीति में कमी लगातार गिरावट की प्रवृत्ति को दर्शाती है।



## पीएलआई : एसी-एलईडी लाइट्स बनाने वाली 24 कंपनियों का चयन, 3,516 करोड़ का करेंगी निवेश



नई दिल्ली (ए.)। व्हाइट गुड्स के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत एयर कंडीशनर (एसी) और एलईडी लाइट्स बनाने वाली 24 कंपनियों का चयन किया गया है। इन कंपनियों ने 3,516 करोड़ के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है।

**तीसरे दौर में मिले 38 आवेदन**

वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, पीएलआई योजना के ऑनलाइन आवेदन के तीसरे दौर में 38 आवेदन मिले। आवेदनों पर विचार के बाद 18 नई कंपनियां चुनी गईं। इनमें एसी कंपोनेंट बनाने वाली 10 और आठ एलईडी लाइट्स निर्माता कंपनियां शामिल हैं। इन्होंने 2,299 करोड़ की निवेश प्रतिबद्धता जताई है। इसके अलावा, छह मौजूदा लाभार्थी कंपनियों को उच्च निवेश श्रेणियों में अपग्रेड करने के लिए अस्थायी रूप से चुना गया है।

इसके लिए 1,217 करोड़ का अतिरिक्त निवेश होगा। कुल मिलाकर, इन वस्तुओं के लिए योजना के तहत 84 कंपनियां 10,478 करोड़ का निवेश लाने वाली हैं। इससे 1,72,663 करोड़ मूल्य का उत्पादन होगा। अक्तूबर, 2024 में तीसरे दौर में 38 कंपनियों ने 4,121 करोड़ के निवेश प्रस्ताव के साथ आवेदन किया था।

## 2030 तक कृषि निर्यात का 100 बिलियन डॉलर का लक्ष्य किया जा सकता है हासिल : विशेषज्ञ

नई दिल्ली (आरएनएस)। विशेषज्ञों ने कहा कि 2030 तक कृषि निर्यात में 100 बिलियन डॉलर का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इसके लिए स्पष्ट और साहसिक कदम उठाना होगा। यह बात विशेषज्ञों ने कही है।

विशेषज्ञों ने हाल ही में इंफ्राविजन फाउंडेशन की पहल, सेंटर फॉर एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर रिसर्च एंड एक्शन (सीएआईआरए) द्वारा दिल्ली में आयोजित इंफ्रास्ट्रक्चर में बदलाव करके भारत के कृषि निर्यात को बढ़ावा देने पर एक गोलमेज सम्मेलन में ये बातें कही। कई प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के नेताओं ने गोलमेज सम्मेलन को संबोधित किया। इनमें खाद्य प्रसंस्करण सचिव सुब्रत गुप्ता, विदेश व्यापार महानिदेशक संतोष सारंगी, एसएटीएस इंडिया के कंट्री चेयरमैन सिराज चौधरी, एपीडा के चेयरमैन अभिषेक देव और पूर्व केंद्रीय कृषि सचिव सिराज हुसैन शामिल थे।वक्ताओं ने सुझाव दिया कि मौजूदा कृषि अवसंरचना में सुधार की आवश्यकता है, ताकि बड़े पैमाने पर लचीली कृषि पद्धतियों को अपनाया जा सके और भारत के निर्यात को वैश्विक बाजार की बदलती आवश्यकताओं के साथ जोड़ा जा सके।

## देश की जीडीपी 7 से 8 फीसदी तक बढ़ने की संभावना: डब्ल्यूईएफ

### - इस साल की 6 फीसदी ग्रोथ दर भी अच्छी है



नई दिल्ली (ए.)। भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी से वृद्धि की संभावना है, बताते हुए वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (डब्ल्यूईएफ) ने उजागर किया है कि भारत की जीडीपी 7 से 8 फीसदी तक बढ़ सकती है। उन्होंने इसे आर्थिक सुधारों और हायर इन्वेस्टमेंट के चलते संभावना बताया है। डब्ल्यूईएफ ने कहा कि भारत में विकास के लिए बहुत सारी संभावनाएं हैं और इस साल की 6 फीसदी ग्रोथ दर भी अच्छी है, लेकिन इससे भारत की गति को रोकने कोई कारण नहीं है। उन्होंने कहा कि इन्फ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, और रिसर्च और डेवलपमेंट में निवेश जारी रहना चाहिए। डब्ल्यूईएफ ने भविष्य में भारत की अर्थव्यवस्था में भी 20 फीसदी हिस्सेदारी की संभावना दी। उन्होंने कहा कि भारत में स्टार्टअप इकोसिस्टम से सपोर्ट मिल रहा है और यहां 1,20,000 से अधिक स्टार्टअप हैं। उन्होंने उत्सुकता से बताया कि भारत में 120 से अधिक यूनिकॉर्न हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत का लक्ष्य वास्तविक है कि वह 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन सकता है, डब्ल्यूईएफ के एक अधिकारी ने कहा कि भारत जल्द ही 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। वह डिजिटल ट्रेड और सर्विसेज में भी हिस्सेदारी बढ़ रही है और यह अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है। अंत में वर्कफोर्स के ज्यादा डिजिटलीकरण के साथ-साथ आने वाली चुनौतियों और अवसरों पर उन्हें पूछा गया था। उन्होंने कहा कि यह प्रोडक्टिविटी में बढ़ोतरी लाता है और भारत के लिए नई टेक्नोलॉजी में बहुत सारे अवसर हैं। लेकिन ये छोटी अवधि में भी कुछ चुनौतियां उत्पन्न कर सकती हैं।

## ब्रिस्कपे ने सीमा पार भुगतान को और भी आसान बनाने के लिए एक नया प्लेटफॉर्म लॉन्च किया



मुंबई ,(आरएनएस)। अब भारतीय एमएसएमई ए2ए, कार्ड और वॉलेट-आधारित पेमेंट्स का इस्तेमाल एक ही प्लेटफॉर्म पर कर सकते हैं पेयू द्वारा समर्थित प्रमुख क्रॉस-बॉर्डर पेमेंट प्लेटफॉर्म, ब्रिस्कपे, ने खास तौर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए एक नया और क्रांतिकारी समाधान पेश किया है। इस नए प्लेटफॉर्म के जरिए पेयू और पेपाल के ए2ए ट्रांसफर और कार्ड पेमेंट्स को एक साथ लाया गया है, जिससे निर्यातकों, सर्विस प्रोवाइडर्स, मार्केटप्लेस विक्रेताओं और फ्रीलांसर्स को अब इंटरनेशनल ट्रांज़ेक्शन्स करने में बहुत आसानी हो रही है।

**सभी तरह के पेमेंट्स के लिए एक ही प्लेटफॉर्म**


ब्रिस्कपे के इस नए प्लेटफॉर्म की खास बात यह है कि यह एमएसएमई को अलग-अलग ग्राहक प्राथमिकताओं को समझने और पूरा करने का मौका देता है। इससे उनकी बाजार तक पहुंच बढ़ेगी और वे तेज़ी से बढ़ भी सकेंगे। इस प्लेटफॉर्म से व्यवसाय अपनी ग्लोबल नेटवर्क का फायदा उठा सकते हैं और नए मौके पा सकते हैं।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## भारत-बांग्लादेश संबंधों में कड़वाहट जारी

बांग्लादेश में शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद से दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट जारी है। ताजा मसला सीमा पर तारबंदी को लेकर उपजा है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने रविवार को भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को जिस वजह से तलब किया, वह इस छोटे से मुल्क की भारत के प्रति कटुता को जाहिर करने के लिए काफी है। आरोप लगाया गया कि भारत द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन करते हुए सीमा पर पांच स्थानों पर तारबंदी की कोशिश कर रहा है। दरअसल, बांग्लादेश हमेशा से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की कार्रवाई का विरोधी रहा है।हमेशा से सीमा पर बीएसएफ की बीजीबी (बार्डर गार्ड बांग्लादेश) से भिड़ंत होती रही है। कई बार बांग्लादेशी नागरिक अवैध तरीके से सीमा पार कर भारत घुसने की कोशिश करते हैं। स्वाभाविक है, बीएसएफ उन लोगों को रोकने की कोशिश करती है और न मानने पर उन्हें मार गिराती है। बांग्लादेश के हुक्मरान को इसी बात से चिढ़ है। वैसे भी मोहम्मद युनूस के कार्यवाहक राष्ट्रपति बनने के बाद से जिस तरह पड़ोसी देश भारत के प्रति आक्रामक रुख अख्तियार किए हुए है, वह वाकई बहुत कुछ सोचने पर विवश करती है। शेख हसीना सरकार के हटने के बाद से जिस तरह वहां हिन्दू समुदाय के साथ लोमहषर्क घटना को अंजाम दिया गया, वह तथ्य की पुष्टि करने के लिए काफी है कि अब बांग्लादेश किसी और देश द्वारा निर्देशित हो रहा है। वहां वर्षो से रहने वाले अल्पसंख्यक हिन्दुओं के साथ अब तक का सबसे बुरा व्यवहार हुआ है। कई लोग मारे गए, कइयों से लूटपाट की गई और सबकुछ छीन लिया गया।यह सब कुकर्म उस देश में और उस समुदाय के साथ किया गया जिसने इस देश को बनाने के लिए हर तरह की कुर्बानियां दीं। इस बात में शक नहीं कि पाकिस्तान और चीन के बाद बांग्लादेश ही ऐसा पड़ोसी है, जिसने भारत को चोट पहुंचाई। लिहाजा, भारत को अब नये सिरे से इस बारे में मंथन करने की दरकार है। भारत जानता है कि सीमा पर गड़बड़ी को नजरअंदाज करना उसके लिए बड़ी मुसीबत बन सकता है। इसलिए उस मोर्चे पर सख्ती जरूरी है।बांग्लादेश छोटी सी बात का बतंगड़ बनाकर माहौल को खराब करने की साजिश में जुटा है। भारत भी इस बात को समझता है। इसलिए वह भी फूंक-फूंक कर कदम आगे बढ़ा रहा है। बहरहाल, ज्यादा नरमी से पेश आने के कारण ही बांग्लादेश का निजाम बदमिजाजी पर आतुर है। चुनांचे, भारत को अपने हित के लिए अंगुली टेढ़ी करनी चाहिए।



गुलमर्ग, बारामुल्ला में बर्फ से ढके पहाड़ों और घरों का सुंदर दृश्य.

# भयावह आग की चपेट में हॉलीवुड इलाका

**विनीत नारायण**

आज से 50 साल पहले इस्कॉन के संस्थापक आचार्य स्वामी प्रभुपाद कार में कैलिफोर्निया हाईवे पर जा रहे थे। खिड़की के बाहर दूर से बहुमंजली अट्टालिकाओं की कतार दिखाई दे रही थी।

श्री प्रभुपाद के मुंह से अचानक निकला कि इन लोगों ने रावण की सोने की लंका बना कर खड़ी कर दी है, जो एक दिन खाक हो जाएगी। जिस तेजी से लॉस एंजेलिस का हॉलीवुड इलाका भयावह आग की चपेट में हर क्षण खाक हो रहा है, उससे 50 वर्ष पूर्व की गई एक सिद्ध संत की भविष्यवाणी सत्य हो रही है।

कैलिफोर्निया राज्य के शहर लॉस एंजेलिस के जंगलों में फैली आग भयावह रूप लेती जा रही है। अब तक इस आग की चपेट में छह जंगल आ चुके हैं, और इसका दायरा निरंतर बढ़ता जा रहा है। आग की वजह से अब तक दस लोगों की मौत हो चुकी है, और लगभग दो लाख से अधिक लोगों को अपना घर छोडऩे पर मजबूर होना पड़ रहा है। तेज हवा राहत कार्य में बाधक बन रही है। चार लाख से अधिक घरों की बिजली कटी हुई है। कैलिफोर्निया के इतिहास में इसे सबसे विनाशकारी हादसा बताया जा रहा है।

शुरू में महज 10 एकड़ के इलाके में लगी यह आग कुछ ही दिनों..एकड़ में फैल गई। पूरे शहर में धुएं के बादल छाए हुए हैं। इस भयावह आग से अभी तक अनुमानित लगभग 135-150 अरब डॉलर (12 हजार अरब रु पयों) का नुकसान हो चुका है। हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री पेरिस हिल्टन के मकान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। मालिबू नगर में समुद्र के किनारे बने फिल्मी सितारों के खूबसूरत घर अब मलबे में तब्दील हो चुके हैं, और इनके केवल जले हुए अवशेष ही बचे हैं। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का घर भी खतरे में है। इसके चलते उनके घर को भी खाली कराया गया है। राजनीति, उद्योग और सिने जगत की कई जानी-मानी हस्तियों के आलीशान मकानों को भी खाली करने के आदेश जारी हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि लॉस एंजेलिस अमेरिका की सबसे ज्यादा आबादी वाली काउंटी है। यहां 1 करोड़ से ज्यादा लोग रहते हैं। कैलिफोर्निया में



कई सालों से सूखे के हालात हैं। इलाके में नमी की कमी है। इसके अलावा, यह राज्य अमेरिका के दूसरे इलाकों की तुलना में काफी गर्म है। यही वजह है कि यहां पर गर्मी के मौसम में अक्सर जंगलों में आग लग जाती है।यह सिलसिला बारिश का मौसम आने तक जारी रहता है। बीते कुछ सालों से हर मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। पिछले 50 सालों में कैलिफोर्निया के जंगलों में 78 से ज्यादा बार आग लग चुकी है। कैलिफोर्निया में जंगलों के पास रिहायशी इलाके बढ़े हैं। ऐसे में आग लगने पर नुकसान ज्यादा होता है। 1933 में लॉस एंजेलिस के ग्रिफिथ पार्क में लगी आग कैलिफोर्निया की सबसे बड़ी आग थी। इसने करीब 83 हजार एकड़ के इलाके को अपनी चपेट में ले लिया था। करीब 3 लाख लोगों को अपना घर छोड़कर दूसरे शहरों जाना पड़ा था।

मौसम के हालात और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव की वजह से आने वाले दिनों में इस आग के और भड़कने की आशंका जताई जा रही है। अमेरिकी की बीमा कंपनियों को डर है कि यह अमेरिका के इतिहास में जंगलों में लगी सबसे महंगी आग साबित होगी क्योंकि आग के दायरे में आने वाली संपत्तियों की कीमत बहुत ज्यादा है। यदि आग के कारणों की बात करें तो अमेरिकी सरकार के रिसर्च में स्पष्ट रूप से यह कहा गया है कि पश्चिमी अमेरिका में बड़े पैमाने पर जंगलों में लगी भीषण आग का संबंध जलवायु परिवर्तन से भी है।

पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ती गर्मी, लंबे समय तक सूखा और प्यासे वायुमंडल सहित जलवायु परिवर्तन पश्चिमी अमेरिका के जंगलों आग के खतरे और इसके फैलने की प्रमुख वजह रहे हैं। अमेरिका में दक्षिणी कैलिफोर्निया में आग लगने का मौसम आम तौर पर मई से अक्टूबर तक माना जाता है। परंतु राज्य के गवर्नर गैविन न्यूसम ने मीडिया को बताया कि आग लगना पूरे साल की एक समस्या बन गई है। इसके साथ ही इस आग को फैलाने का एक बड़ा कारण सेंटा एना' हवाएं भी हैं, जो जमीन से समुद्र तट की ओर बहती हैं। माना जाता है कि करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा की गति से चलने वाली इन हवाओं ने आग को अधिक भड़काया। ये हवाएं साल में कई बार बहती हैं।

अमेरिका हो, भारत हो या विश्व का कोई भी देश, चिंता की बात यह है कि यहां के नेता कभी पर्यावरणवादियों की सलाह को महत्त्व नहीं देती। पर्यावरण के नाम पर मंत्रालय, विभाग और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सब कागजी खानापूरी करने के लिए हैं। कॉरपोरेट घरानों के प्रभाव में और उनकी हवस को पूरा करने के लिए सारे नियम और कानून ताक पर रख दिए जाते हैं। पहाड़ हों, जंगल हों, नदी हो या समुद्र का तटीय प्रदेश, हर ओर विनाश का ऐसा ही तांडव जारी है।विकास के नाम पर होने वाले विनाश यदि ऐसे ही चलते रहेंगे तो भविष्य में इससे भी भयंकर त्रासदी आएंगी। अमेरिका जैसे संपन्न और विकसित देश में जब ऐसे हादसे बार-बार होते हैं, तो लगता है कि वहां भी जाने-माने पर्यावरणविद्, इंजीनियर और वैज्ञानिकों के अनुभवों और सलाहों को खास तवज्जो नहीं दी जाती। यदि इनकी सलाहों को गंभीरता से लिया जाए तो शायद आनेवाले समय में ऐसा न हो।

एक शोध के अनुसार जलवायु परिवर्तन पर नजर रखने वाले यूएन के वैज्ञानिकों ने अक्टूबर, 2018 में चेतावनी दी थी कि अगर पर्यावरण को बचाने के लिए कड़े कदम नहीं उठाए गए तो बढ़ते तापमान की वजह से 2040 तक भयंकर बाढ़, सूखा, अकाल और जंगल की आग का सामना करना पड़ सकता है। दुनिया का कोई भी देश हो, क्या कोई इन वैज्ञानिक शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों की सलाह को कभी सुनेगा?

# स्वदेशी जलयान निर्माण में भारत की अद्वितीय प्रगति

**डॉ. सुरेन्द्र कुमार मिश्र**

हिन्द महासागर में चालाक चीन की चुनौती का जवाब देने और शक्तिशाली ब्लू वाटर नेवी' बनने की दिशा में भारतीय नौसेना न केवल आत्मनिर्भरता के साथ आधुनिकीकरण की दिशा में कदम बढ़ाए हैं, बल्कि जलयानों की संख्या में भारी वृद्धि करने का निर्णय लिया है।

यही कारण कि आज अग्रिम पंक्ति के दो अत्याधुनिक युद्धपोत नीलगिरि और सूरत के साथ ही वाग्शीर नामक एक सशक्त पनडुब्बी नौ सेना के बाड़े में शामिल हो रही है। भारतीय नौ सेना के इतिहास में पहली बार एक साथ दो युद्धपोत एवं एक पनडुब्बी को साथ शामिल किया जा रहा है। उनके शामिल हो जाने से भारतीय नौ सेना की परिचालन क्षमता एवं युद्ध तत्परता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

नीलगिरि प्रोजेक्ट, 17 ए. स्टील्थ फ्रिगेट का पहला युद्धक जलयान है जो, सेवा में सक्रिय शिवालिक श्रेणी 1 प्रोजेक्ट 17 स्टील्थ फ्रिगेट का पहला जलयान है, जो सेवा में सक्रिय शिवालिक श्रेणी (प्रोजेक्ट 17) फ्रिगेट का अनुवर्ती है। नीलगिरि एम डी एल, मुम्बई और जीआरएस ई, कोलकाता द्वारा निर्माणाधीन सात पी 17 ए फ्रिगेट्स में पहला है। ये बहुउद्देशीयीय युद्धपोत भारत के समुद्री हितों के क्षेत्र में पारम्परिक तथा गैरपारम्परिक दोनों प्रकार के संकट से निपटने के लिए गहरे समुद्री' वातावरण में कार्य करने में सक्षम है।

नवीनतम तकनीकी से युक्त इन जलयानों का निर्माण भी एकीकृत निर्माण' दर्शन का उपयोग करके किया गया है। यह जलयान संयुक्त रूप से डीजल या गैस (सीओडीओजी) मेन प्रोपल्शन द्वारा संचालित होता है। इसमें सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, 76 मिमी. उन्नत तोप और तीव्रगति प्रहारक नजदीकी हथियार पण्रालियों से सुसज्जित है। आत्मनिर्भरता के साथ राष्ट्र निर्माण को विशेष रूप से दृष्टि में रखते हुए इस जलयान में 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का उपयोग हुआ है।

नीलगिरि के निर्माण कार्य की आधारशिला 28 दिसम्बर 2017 को रखी गई और निर्मित इस पोत को पहली बार 28 सितम्बर 2019 को समुद्र में उतारा गया। यह जलपोत 24 अगस्त को अपने पहले समुद्री परीक्षण के लिए रवाना किया गया और तब से बंदरगाह व समुद्र में इसके व्यापक परीक्षण किए गए हैं। अब इसे भारतीय नौ सेना को सौंप दिया गया है। स्टील्थ तकनीक युक्त यह जलपोत कई प्रकार के हेलीकॉप्टर संचालित करने की क्षमता के साथ अत्याधुनिक हथियार और सेंसरयुक्त है। सूरत' जलपोत गाइडेड मिसाइल युक्त विध्वंसक जंगी जलपोत भी भारतीय नौ सेना को मिलने जा रहा है। विशाखापट्टनम क्लास मिसाइल विध्वंसक जलयान के नौ सेना में शामिल होने से भारत की समुद्री शक्ति और अधिक बढ़ जाएगी, क्योंकि इसके साथ बराक और ब्रहमोस मिसाइलें लगी हुई हैं। सूरत प्रोजेक्ट 15 की स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक श्रेणी का चौथा और अंतिम जलपोत है, जो विगत तीन वर्षो में शामिल किए गए अपने पूर्ववर्ती भारतीय नौ सेना के जलयानों विशाखापट्टनम, मोरमुगाओ तथा इम्फाल के बाद आया है। यार्ड 12707 सूरत को भारतीय नौ सेना को सौंपा जाना, उस प्रतिष्ठित स्वदेशी विध्वसंक निर्माण परियोजना का समाधन है, जो प्रोजेक्ट 15 (तीन दिल्ली श्रेणी) के साथ शुरू हुई थी। यह 7400 टन भार विस्थापित करने वाला तथा 164 मीटर लम्बा व एक निर्देशित मिसाइल युक्त विध्वसंक श्रेणी का जलपोत है। नौ सेना के विवसंक पोत सूरत' में सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, जलयान रोधी मिसाइलों तथा तारपीडो सहित अत्याधुनिक हथियारों व सेंसरों से सुसज्जित है।

यह स्वदेशी रूप से विकसित आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस समाधान का उपयोग करने वाला भारतीय नौ सेना का पहला एआई सक्षम युद्धपोत होगा। यह जलपोत समुद्र के भीतर युद्ध करने के लिए स्वदेशी रूप से विकसित पनडुब्बी रोधी हथियारों और सेंसर से लैस है। वाग्शीर कलवरी क्लास प्रोजेक्ट-75 के अंतर्गत छठी स्कार्पीन क्लास पनडुब्बी दुनिया की सबसे शांत एवं बहुमुखी डीजल इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों में से एक है।

इसे एंटी सरफेस वारफेयर, एंटी सबमरीन वारफेयर, खुफिया जानकारी जुटाने, क्षेत्र की निगरानी और विशेष अभियानों सहित अनेक तरह के मिशन को अंजाम देने के लिए खासतौर पर डिजाइन किया गया है। भारत की ब्लू वाटर नौसेना समुद्री मोर्चे पर शांति स्थापित करने में अपना अनवरत सक्रिय सहयोग देती रही है। वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए भारतीय नौसेना को निरंतर सजग एवं सतर्क रहने की जरूरत है। स्वदेशीकरण और नवाचार के प्रति भारतीय नौसेना का दृष्टिकोण सकारात्मक सिद्ध हो रहा है। युद्धक पोत नीलगिरि', विध्वसंक पोत सूरत' और पनडुब्बी वाग्शीर' का संयुक्त कमीशन रक्षा आत्मनिर्भरता और स्वदेशी जलयान निर्माण में भारत की अद्वितीय प्रगति का ही प्रतीक है। हिन्द महासागर क्षेत्र में अपनी स्थिति को बेहतर बनाने के लिए आधुनिक भारतीय नौसेना का तेजी के साथ नवीनीकरण हो रहा है।




मेष राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। किसी समस्या का समाधान मिलने से आप राहत महसूस करेंगे और आप पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने अन्य कार्य पर भी ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। बच्चों के विवाह संबंधी कार्यों की योजना बनेगी, और नजदीकी लोगों का भी सहयोग मिलेगा।

वृष राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। अच्छी खबर मिलने से आपके अंदर आत्मविश्वास और नई ऊर्जा का प्रवाह रहेगा। घर के वरिष्ठ सदस्यों की सलाह पर जरूर अमल करें। स्वभाव में सहजता बनाकर रखें। अति आत्मविश्वास और जल्दबाजी होने की वजह से आपके बनते कार्यों में रुकावट आ सकती हैं।

मिथुन राशि- आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। अपने संतान के भविष्य को लेकर आप नई योजना बना सकते हैं। यदि आप अपने व्यापार में किसी प्रकार का नया काम बढ़ाना चाहते हैं, तो आप किसी विशेष सलाहकार से सलाह लेकर ही नया काम शुरू करेंगे तो जल्द ही आपको ज्यादा से ज्यादा लाभ मिलेगा।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। राजनीति में हाथ आजमा रहे लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है, नहीं तो विरोधी उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं। आपके धन में वृद्धि होने से आप प्रसन्न रहेंगे। आज आप अपने बिजनेस के कार्यों पर पूरी नजर रखेंगे। आज व्यक्तिगत गतिविधियां समय अनुसार संपन्न होती जाएंगी।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। अनुभवी लोगों के सानिध्य का अवसर मिलेगा और विशेष मुद्दों पर लाभदायक विचार विमर्श भी होगा। मानसिक सुकून पाने के लिए धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में समय बिताएंगे। उधार दिए हुए पैसे की वापसी भी संभव है। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोगों और गतिविधियों से खुद को दूर रखें।

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। यदि आप घर मकान या दुकान, खरीदने की कोशिश कर रहे हैं, तो आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। परंतु बहुत अधिक प्रयास करने के बाद ही आपको सफलता मिल सकती हैं। प्रॉपर्टी से संबंधित किसी भी काम को करने में बहुत ध्यानपूर्वक काम करें। आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य संपन्न होने वाला है। आज आपको कुछ खास जानकारियां भी मिलेंगी। लव मेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज नई-नई जानकारियां हासिल करना और उन्हें अपनी दिनचर्या में शामिल करना आपके व्यवहार में आश्चर्यजनक सकारात्मक परिवर्तन लाएगी। अपरिचित लोगों पर बिना सोचे-समझे विश्वास न करें। आज भविष्य संबंधी बनाई गई योजनाओं पर काम करने का अनुकूल समय है। ये योजनाएं आपके लिए बेहद तरक्की दायक रहेंगी। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के अधिकारियों के साथ रिश्ते और अधिक मजबूत होंगे।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। अपने माता-पिता की सेहत को लेकर आप सजग रहेंगे। आपके माता-पिता, आपके करियर को लेकर, विचार विमर्श करेंगे। जीवनसाथी के साथ आज आप किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जाएंगे। आपको भाई व बहनों का भरपूर प्यार मिलेगा। व्यापार करने वाले लोगों के लिए दिन ठीक-ठाक रहेगा।

धनु राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। किसी भी विपरीत परिस्थिति में खास मित्र अथवा रिश्तेदारों के सहयोग से आपका हिम्मत और हौसला बना रहेगा। फोन और मेल द्वारा नई जानकारियां और समाचार मिल सकते हैं। आज बातचीत द्वारा आप अपने काम करवाने में सक्षम रहेंगे। आय के साधन बढ़ने के साथ-साथ खर्चे भी बढ़ेंगे। इसलिए अभी से अपना बजट बनाकर चले तो बेहतर होगा।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। किसी खास व्यक्ति से मुलाकात आपके लिए लाभदायक साबित हो सकती हैं। इसलिए उनकी बातों और मार्गदर्शन पर जरूर ध्यान दें। आज आपके अंदर बड़ा फैसला लेने की हिम्मत आएगी। खर्चों को सीमित रखें नहीं तो आपका बजट बिगड़ सकता है। आज किसी कमेटी जैसी गतिविधियों में निवेश करने से पहले उसकी जानकारी अवश्य ले लें।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। नौकरी करने वालों को आज किसी प्रकार की उलझन लेने से बचना चाहिए। व्यापार करने वाले लोगों के लिए आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आपके व्यापार में बढ़ोत्तरी होगी। अपने परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर आप किसी अच्छे डॉक्टर को दिखायेंगे।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपकी मकान, दुकान सम्बन्धी परेशानी हल हो सकती है। अपने घर के बुजुर्गों की सेहत का विशेष ध्यान रखेंगे। नौकरी करने वाले लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# क्या अमेरिका के मोदी साबित होंगे ट्रम्प ?

**राकेश अचल**

माननीय,सम्माननीय डोनाल्ड ट्रम्प अब अमेरिका के नए राष्ट्रपति है। ट्रम्प महोदय के शपथ ग्रहण के बाद ये अटकलें लगना शुरू हो गयीं हैं कि वे आज नहीं तो कल अमेरिका के मोदी साबित होंगे,क्योंकि ट्रम्प और भारत के प्रधानमंत्री प्रातस्मरणीय माननीय श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जीकी प्राथमिकताएं लगभग एक जैसी है। उनकी आक्रामकता ,उनकी सियासत में अदावती शैली मोदी जी की राजनीति से बहुत कुछ मेल खाती है। ट्रम्प के लिए अमेरिका के लिए कुछ नया दिखने का ये अंतिम अवसर है। अमेरिकी ट्रम्प को और मौक़ा नहीं दे सकता।

डोनाल्ड ट्रंप ने अपने भाषण में कैच एंड रिलीज नीति को समाप्त करने का वादा करते हुए कहा कि वे दक्षिणी सीमा पर राष्ट्रीय आपातकाल घोषित करेंगे और लाखों अवैध अप्रवासियों को वापस भेजेंगे। कैच एंड रिलीज शब्द का इस्तेमाल अक्सर अप्रवासियों को अदालत की तारीख तक हिरासत में रखने के बजाय रिहा करने की नीति के लिए किया जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह एक विशिष्ट कानून या नीति नहीं है और अब आम प्रथा नहीं है, जिसे ट्रंप खत्म करने की बात कह रहे हैं। उनके आदेश का विवरण भी स्पष्ट नहीं है।

भारत में भी अवैध प्रवासियों को लेकर मोदी सरकार लगातार जूझ रही है लेकिन भारत में अभी किसी भी सीमा पर आपातकाल की घोषणा नहीं की हई है। लेकिन ट्रम्प महोदय से प्रेरणा लेकर भारत में भी ऐसा कदम उठाया आ सकता है। कोई माने या न माने ट्रम्प और मोदी जी एक-दुसरे के ख्यालों [आइडियाज] की या तो नकल करते हैं या एक-दुसरे को प्रेरित करते हैं। दोनों की बातों में हवा - हवाई तत्व कॉमन है।

ट्रंप ने पनामा नहर को वापस लेने का भी वादा करते हुए कहा कि इस नहर के निर्माण के दौरान 38,000 अमेरिकियों की मौत हुई और चीन नहर का संचालन कर रहा है। सच्चाई ये है कि अमेरिकी निर्माण में 5,600 लोगों की मौत हुई थी और ये कैरिबियन के मजदूर थे। पनामा नहर के प्रशासक ने



ट्रंप के इस दावे का खंडन किया है कि चीन नहर का संचालन कर रहा है। उन्होंने कहा है कि इन बंदरगाहों पर काम कर रही चीनी कंपनियां हांगकांग के एक कंसोर्टियम का हिस्सा थीं, जिसने 1997 में बोली प्रक्रिया जीती थी। अमेरिकी और ताइवान की कंपनियां भी नहर के किनारे अन्य बंदरगाहों का संचालन कर रही हैं।मुमकिन है की भविष्य में भारत के प्रधानमंत्री जी भी चीन को आँखेंदीखते हुए चीन से भारत की हथियाई गयी जमीन पर अपना हक जताने लगें।

डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि अमेरिका में मुद्रास्फीति रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची और ऐसा अत्यधिक खर्च और बढ़ती ऊर्जा कीमतों से हुआ है। ये बात सही है कि अमेरिका में मुद्रास्फीति 2022 की गर्मियों में 9.1 फीसदी के चार दशक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई थी लेकिन देश में सबसे अधिक मुद्रास्फीति दर जून 1920 में 23.7त्न थी।संयोग से ये सब भारत में भी हुआ है किन्तु मोदी जी को ये सुविधा हासिल नहीं है कि वे भारत में मुद्रास्फीति के लिए किसी और को जिम्मेदार ठहरा सकें, क्योंकि पिछले 11 साल से वे खुद ही सत्ता में हैं ,मोदी जी इसके एवज हमेशा नेहरू-गांधी परिवार को लपेटते रहते हैं।

ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ने खतरनाक अपराधियों को शरण और सुरक्षा दी है, जिनमें से कई जेलों और मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों से अवैध रूप से अमेरिका में आए हैं। एक्सपर्ट इस दावे को ठीक नहीं मानते हैं। इनका कहना है कि कुछ अमेरिकी शहरों में अप्रवासियों की आमद हुई है लेकिन ज्यादातर कानूनी तौर पर, वर्क परमिट या अदालतों में उनके मामलों पर काम होने तक रहने के प्राधिकरण के साथ आए हैं। ज्यादातर रिसर्च ये बताती हैं कि अप्रवासी, अमेरिका में जन्मे लोगों की तुलना में अपराध करने की कम संभावना रखते हैं। पर कुछ संस्थाएं हैं जो मानती है कि अपराध बढ़ने की वजह अप्रवासी नहीं हैं।भारत में भी मोदी जी और उनकी सरकार मानती है की देश में बढ़ते अपरधों की वजह बांग्लादेशी प्रवासी है। मशहूर फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर हमले को इसका उदाहरण बताया जा रहा है।

ट्रंप ने कहा कि अमेरिका दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में स्वास्थ्य सेवा पर अधिक पैसा खर्च करता है। उनका यह दावा सच है। अमेरिका प्रति व्यक्ति स्वास्थ्य सेवा पर ज्यादातर देशों ज्यादा खर्च करता है। ट्रम्प की ही तरह भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी कहते हैं कि आरोग्य के मामले में उनकी सरकार की आयुष्मान योजना दुनिया की सबसे बड़ी योजना है। अब कौन सच बोल रहा है, कौन झूठ केवल ऊपर वाला ही जानता है।

अमेरिका के नए और 47 वे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ये सुविधा नहीं है कि वे देश के पहले राष्ट्रपति जार्ज वाशिंगटन को देश की मौजूदा हालात के लिए जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते। ये सुविधा केवल भारतीय प्रधानमंत्री की है, वे आज भी देश की बदहाली के लिए अपने 11 साल के कुशासन को जिम्मेदार नहीं मानते, वे इसके लिए देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू को जिम्मेदार मानते हैं। देखना ये है कि ट्रम्प साहब के आने के बाद दुनिया कितनी बदलती है। दुनिया में द्वन्द युद्ध जारी हैं। अमेरिका के सामने इन्हें समाप्त करने की चुनौती है। बहरहाल हमारा देश दूसरी बार ट्रम्प युग का और तीसरी बार मोदी युग का सामना कर रहा है। दोनों कि युग का अवसान एक साथ 2029 में होगा। इस मौके पार चचा ग़ालिब की बहुत याद आती है। उन्होंने एक जगह लिखा था कि- था बहुत शोर कि ग़ालिब कि उड़ेंगे पुर्जे देखने हम भी गए ,पै ये तमाशा न हुआ।



# छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई,गरियाबंद में सुरक्षा बलों ने 14 नक्सली को किया ढेर



रायपुर (ए.)। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में कम से कम 14 नक्सली मारे गए। मुठभेड़ में एक करोड़ रुपये का इनामी नक्सली भी मारा गया। मुठभेड़ अभी भी जारी है। एक अधिकारी ने कहा कि छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर स्थित मैनपुर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत एक वन क्षेत्र में सोमवार देर रात और मंगलवार सुबह ताजा गोलीबारी हुई। मुठभेड़ के दौरान 12 और नक्सली मारे गये। उन्होंने कहा कि जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), छत्तीसगढ़ से कोबरा और ओडिशा से स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) के सुरक्षा कर्मियों की एक संयुक्त टीम ऑपरेशन में शामिल थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इससे पहले सोमवार को छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षा बलों और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ के दौरान दो महिला नक्सली मारी गईं और सीआरपीएफ की विशिष्ट कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन का एक जवान घायल हो गया। उन्होंने कहा, कोबरा कमांडो की चोट सतही है। गरियाबंद के पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने कहा कि सुरक्षाकर्मियों के नक्सल विरोधी अभियान के दौरान छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा पर फ़िरूर पुलिस थाना क्षेत्र के मेनपेक्सचेंज के जंगल में मुठभेड़ हुई।

## हम संविधान के लिए मर मिटने को तैयार, राहुल से डरती है सरकार : प्रियंका गांधी

नई दिल्ली (ए.)। एआईसीसी महासचिव और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि वह, उनके भाई लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेता भाजपा से नहीं डरते हैं और संविधान की रक्षा के लिए अपनी आवाज उठाते रहेंगे। प्रियंका गांधी ने कहा कि देश में कई पार्टियों की सरकार रही, लेकिन कोई ऐसी सरकार नहीं आई, जिसका गृह मंत्री संसद में खड़े होकर बाबा साहेब का अपमान कर सके। कोई ऐसी सरकार नहीं आई, जिसके नेताओं ने कहा कि हम संविधान बदल देंगे। कांग्रेस नेत्री ने कहा कि कोई ऐसा नहीं कह सकता कि हमें आजादी 1947 में नहीं मिली। किसी ने नहीं सोचा था कि सत्ता में बैठे लोग संविधान को कमजोर करने की बात करेंगे और बाबा साहेब अंबेडकर जी जैसे मसीहा का संसद में अपमान होगा। बाबा साहेब का अपमान कर गृह मंत्री ने लोकतंत्र और तमाम स्वतंत्रता सेनानियों-शहीदों का अपमान किया है, जिन्होंने देश के लिए सबकुछ न्योछावर कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि अडानी को देश की सारी संपत्ति सौंप दी गई है। जब हम संसद में कहते हैं कि अडानी के खिलाफ अमेरिका में केस दर्ज है, जांच की जाए, तो हमारी आवाज को दबाने की कोशिश की जाती है। गांधी ने कहा कि अडानी ने सरकारी अधिकारियों को रिश्वत दी, जिससे बिजली के बिल बढ़ाए जा सकें। आज देश का किसान संकटों से घिरा हुआ है, उसे हर चीज में जीएसटी भरनी पड़ती है।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान विभिन्न जिलों से आए लोगों की शिकायतें और समस्याएं सुनीं।

# उत्तराखंड शहरी स्थानीय निकाय चुनाव के लिए प्रचार खत्म, 23 जनवरी को डाले जाएंगे वोट




देहरादून (ए.)। उत्तराखंड में शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) चुनाव के लिए प्रचार मंगलवार शाम पांच बजे समाप्त हो गया। पहाड़ी राज्य में शहरी स्थानीय निकाय चुनाव 23 जनवरी को होंगे जबकि वोटों की गिनती 25 जनवरी को होगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने आज चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद राज्य भर में सार्वजनिक सभाओं और चुनाव प्रचार पर प्रतिबंध लगाने के स्पष्ट निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये हैं। राज्य भर में यूएलबी चुनावों में कुल 5404 उम्मीदवार, 11 नगर निगमों में मेयर पदों के लिए 72 उम्मीदवार, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों सहित 83 नगर निकायों के अध्यक्ष पद के लिए 445 उम्मीदवार मैदान में हैं। राज्य भर में स्थानीय निकायों के वार्ड पार्षदों और वार्ड सदस्यों के पद के लिए 4888 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। 100 शहरी स्थानीय निकायों में विभिन्न पदों के लिए चुनाव होंगे। चुनाव प्रचार थमने के साथ ही उम्मीदवार मतदाताओं को लुभाने के लिए घर-घर जाकर प्रचार कर सकते हैं। यूएलबी चुनाव में करीब 30,29,000 मतदाता वोट डालेंगे. राज्य के विभिन्न हिस्सों में 1515 मतदान केंद्र और 3394 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं. राज्य चुनाव आयोग राज्य भर में शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए 25,800 सुरक्षा कर्मियों और 16,284 सरकारी कर्मचारियों को तैनात करेगा। आज उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार के मायापुर में नगर निगम चुनाव में हरिद्वार के भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में तुलसी चौक से हर की पैड़ी तक रोड शो किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है।

# बेंगलुरु में बस का इंतजार कर रही महिला से सामूहिक बलात्कार और लूट



बेंगलुरु (आरएनएस)। बेंगलुरु के केआर मार्केट में बस का इंतजार कर रही एक महिला के साथ सामूहिक बलात्कार का मामला सामने आया है। इतना ही नहीं आरोपी महिला के आभूषण, नकदी और मोबाइल फोन लूटकर ले गए।अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि पीड़िता ने सेंट्रल डिवीजन के महिला पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। सूत्रों के अनुसार, घटना रविवार रात करीब 11.30 बजे बेंगलुरु के केआर मार्केट इलाके में गोडाउन स्ट्रीट के पास हुई। पुलिस ने इस मामले के संबंध में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।पीड़िता येलहंका इलाके में जाने के लिए बस का इंतजार कर रही थी। महिला ने आरोपियों से अपने गंतव्य तक जाने वाली बस के बारे में पूछा था। उसका फायदा उठाते हुए, आरोपियों ने खुद को नेक इंसान बताते हुए उससे कहा कि उन्हें पता है कि बस कहां रुकेगी और उसे अपने साथ ले गए।आरोपी उसे गोडाउन स्ट्रीट ले गए, जहां उन्होंने उसका यौन उत्पीड़न किया। इसके बाद आरोपियों ने उसके आभूषण, नकदी और मोबाइल फोन लूट लिया और फरार हो गए। पुलिस ने पूरे इलाके की सीसीटीवी फुटेज जुटा ली है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना के संबंध में अभी और अधिक जानकारी सामने आना बाकी है।वहीं, इस घटना पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा, कर्नाटक लुटेरों और बलात्कारियों के लिए स्वर्ग बन गया है।



भाजपा सांसद जनरल (सेवानिवृत्त) वीके सिंह (सेवानिवृत्त) ने नई दिल्ली में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की.

## ठंड से राहत लेकिन उत्तर-पश्चिम भारत में फिर होगी बारिश

### -किसानों के लिए राहत की खबर



नई दिल्ली,(ए)। उत्तर-पश्चिम भारत में इस समय मौसम सुहावना बना हुआ है। अच्छी धूप के बीच हल्की ठंडी हवाओं ने ठंड के असर को कम कर दिया है। तापमान में बढ़ोतरी से लोगों को सर्दी के सख्त मौसम से राहत मिली है। हालांकि, यह राहत ज्यादा दिन तक नहीं टिकेगी, क्योंकि एक बार फिर बारिश का दौर शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट के अनुसार, आज उत्तर-पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान बढ़ सकता है। वहीं, हिमालय के ऊपरी क्षेत्रों में हल्की बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है। तमिलनाडु में भी हल्की बारिश के आसार हैं। इसी बीच कल 22 जनवरी से एक नया पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय पहुंचेगा, जिससे पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। बारिश का असर 23 जनवरी को बढ़ने के आसार हैं। इसके तहत दिल्ली, पश्चिमी हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में तेज बारिश की संभावना व्यक्त की गई है।इस बारिश से दिन के अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी, जिससे हाल के असामान्य गर्म मौसम से राहत मिलेगी। हालांकि, 24 जनवरी के बाद न्यूनतम तापमान में फिर से गिरावट हो सकती है और ठंड का प्रभाव लौटने की संभावना है।

किसानों के लिए राहत

22 और 23 जनवरी की बारिश उत्तर-पश्चिम भारत के किसानों और निवासियों को राहत देगी, हालांकि यह बारिश जल संकट को पूरी तरह हल नहीं कर सकेगी। 24 जनवरी के बाद एक सप्ताह तक शुष्क मौसम का अनुमान है, जिससे ठंड का प्रभाव फिर से बढ़ सकता है। यह बारिश अस्थायी राहत तो देगी लेकिन क्षेत्र में जल संतुलन को बेहतर करने के लिए पर्याप्त नहीं होगी। मौसम विशेषज्ञों ने सुझाव दिया है कि आने वाले दिनों में पश्चिमी विक्षोभ और शुष्क हालात पर नजर बनाए रखें।

## अभिनेता सैफ अली खान के घर पहुंची पुलिस, पूरे क्राइम सीन को किया रीक्रिएट

मुंबई (आरएनएस)। अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले की जांच कर रही मुंबई पुलिस मंगलवार सुबह अभिनेता के घर पहुंची और पूरे क्राइम सीन को रीक्रिएट किया। इस दौरान पुलिस अभिनेता पर हमला करने वाले आरोपी को भी साथ लेकर आई थी, ताकि पूरे क्राइम सीन को समझा जा सके।पुलिस ने आरोपी से यह जाना कि आखिर उसने कैसे सैफ पर हमला किया था? क्राइम सीन रीक्रिएट करते समय आरोपी ने भी पुलिस को सबकुछ बताया कि वह कैसे सैफ के घर में घुसा था। उधर, पूरे क्राइम सीन को रीक्रिएट करने के बाद अब पुलिस को आगे की जांच करने में मदद मिलेगी। पुलिस किसी भी आपराधिक घटना की गहन तफ्तीश के लिए आरोपी को उस घटनास्थल पर ले जाकर क्राइम सीन रिक्रिएट करती है, ताकि पूरी स्थिति को समझा जा सके। इससे पहले फॉरेंसिक विभाग की टीम ने अभिनेता के घर पर पहुंचकर साक्ष्यों को एकत्रित किया था। इसके अलावा, पुलिस ने सैफ के घर में काम करने वाली दो घरेलू सहायिकाओं को भी हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की थी। जिसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया। हालांकि, पुलिस अब तक इस मामले में कई लोगों से पूछताछ कर चुकी है।

## विविध-समाचार

### मुठभेड़ में घायल यूपी एसटीएफ इंस्पेक्टर को भर्ती किया गया, गोली हाथ और छाती में लगी

करनाल(आरएनएस)। यूपी पुलिस के स्पेशल टास्क फोर्स के एक इंस्पेक्टर को गंभीर चोटें आई हैं, जिन्हें इलाज के लिए करनाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया।जानकारी के मुताबिक, यूपी एसटीएफ और बदमाशों के बीच शामली (उत्तर प्रदेश) में मुठभेड़ हुई, जिसमें एसटीएफ के इंस्पेक्टर सुनील को गोली लगी। उन्हें हाथ और छाती में गोली लगी है। घायल इंस्पेक्टर की हालत गंभीर थी, इस पर उन्हें प्राथमिक उपचार देने के बाद करनाल के अस्पताल से गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद करनाल के एसपी, डीएसपी और अन्य पुलिस अधिकारी अस्पताल पहुंचे।घायल पुलिसकर्मी को एम्बुलेंस में भेजते समय रास्ते में जाम से बचने के लिए उसके आगे पायलट लगा दिया गया, ताकि वे समय पर गुरुग्राम पहुंच सकें और उनका इलाज तुरंत शुरू हो सके। वहीं, इंस्पेक्टर भगवान इंचार्ज ने इस बारे में मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि यूपी पुलिस में इंस्पेक्टर सुनील को मुठभेड़ में गोली लगी है। अभी उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीएसपी साहब की निगरानी में उन्हें उपचार के लिए मेदांता अस्पताल में रेफर कर दिया गया है, ताकि उनका उपचार अच्छे से हो सके। उन्होंने आगे कहा कि फिलहाल इंस्पेक्टर की हालत ठीक है। वहीं अभी तक मुठभेड़ के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इस बारे में जैसे ही कोई जानकारी सामने आएगी, तो हम आपको जरूर बताएंगे। बता दें कि इससे पहले 14 नवंबर को हरियाणा के करनाल स्थित बंभरेहड़ी गांव में बदमाशों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान मौका पाकर बदमाश पुलिस की गाड़ी लेकर फरार हो गए थे। लेकिन, पुलिस ने इनमें से एक बदमाश को पकड़ लिया था।

### रिटायर्ड एडीएम की गेस्ट हाउस में हत्या, खून से लथपथ शव बरामद; पुलिस महकमे में हड़कंप

कासगंज (आरएनएस)। यूपी के कासगंज में एक सनसनीखेज वारदात में एक रिटायर्ड एडीएम की हत्या कर दी गई है। शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव मामों स्थित मीनाक्षी गेस्ट हाउस में गेस्ट हाउस के मालिक, रिटायर्ड एडीएम राजेन्द्र कुमार का शव खून से लथपथ हालत में मिला। इस घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। रिटायर्ड एडीएम राजेन्द्र कुमार अपनी सेवानिवृत्ति के बाद से कई वर्षों से अपने गांव में ही रह रहे थे। वे अपने गांव के पास हाईवे किनारे मीनाक्षी गेस्ट हाउस का संचालन कर रहे थे। मंगलवार की सुबह उनका शव गेस्ट हाउस परिसर में खून से लथपथ पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही कासगंज कोतवाली और सोरों कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। एसपी, एएसपी और सीओ सिटी समेत उच्च अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले की गहनता से छानबीन कर रही है और हत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। अभी तक हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। इस घटना ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है और पुलिस प्रशासन पर जल्द से जल्द दोषियों को पकड़ने का दबाव बढ़ गया है।

### पंजाब में तरनतारन की सीमा पर ड्रोन बरामद

जालंधर (आरएनएस)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और पंजाब पुलिस के संयुक्त प्रयास से तरनतारन सीमा पर एक ड्रोन बरामद किया गया। बीएसएफ के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि सीमा पर तैनात मजबूत तकनीकी जवाबी उपायों और बीएसएफ तथा पंजाब पुलिस के कठोर प्रयासों से सीमा पार से तस्करी और अवैध ड्रोन की घुसपैठ के प्रयासों को विफल कर दिया गया।

### आरजी कर रेप-हत्या मामला : आरोपी को उम्रकैद की सजा, पीड़िता के पिता ने निचली अदालत के फैसले पर असंतोष जताया

कोलकाता (आरएनएस)। कोलकाता की सियालदह कोर्ट ने सोमवार को सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ रेप-हत्या के मामले में दोषी सिविक वालंटियर संजय रॉय उम्रकैद की सजा सुनाई। पीड़िता के पिता ने मंगलवार को निचली अदालत के फैसले पर असंतोष जताया है। पीड़िता के पिता ने मंगलवार को पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि दोषी को फांसी इसलिए नहीं हुई क्योंकि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने ठीक से जांच नहीं की। सियालदह कोर्ट ने रेप-हत्या मामले में संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाई है। पीड़िता के पिता ने निचली अदालत के फैसले पर असंतोष जताया है। पीड़िता के पिता ने आगे कहा कि हमें जज पर पूरा भरोसा था। दोषी संजय को मौत की सजा नहीं दी गई क्योंकि सीबीआई उसके खिलाफ उचित सबूत पेश नहीं कर सकी। इसलिए उसे उम्रकैद की सजा सुनाई गई।

# हिमाचल में चार दिनों तक बारिश-हिमपात के आसार



शिमला (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के कई भागों में चार दिनों तक बारिश-हिमपात जारी रहने की संभावना है। शिमला सहित अन्य भागों में सोमवार की सुबह से बादल छाए हुए हैं। चोटियों पर हल्का हिमपात हुआ है। वहीं मौसम खराब होने के कारण मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सुबह धर्मशाला से मनाली विंटर कार्निवल के शुभारंभ के लिए रवाना नहीं हो सकें। खराब मौसम के चलते हेलीकॉप्टर की उड़ान नहीं हो पाई। हालांकि, शाम करीब चार बजे सीएम सड़क मार्ग से जोगिंद्रनगर के लिए रवाना हुए। बीते दिन भी 13,050 फीट ऊंचे रोहतांग दर्रा सहित ऊंची चोटियों पर हल्का हिमपात हुआ। चोटियों पर हल्की हिमपात के बाद कुल्लू और लाहौल स्पीति में शीतलहर तेज हो गई। खराब मौसम के बीच पर्यटक फोर बाई फोर वाहनों में अटल टनल रोहतांग होकर लाहौल पहुंचे और बर्फ के बीच मस्ती की।मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से 20 और 21 जनवरी को राज्य के उच्च पर्वतीय और आसपास के मध्य पहाड़ी कुछ स्थानों पर हल्की बारिश-हिमपात की संभावना है। जबकि 22 और 23 जनवरी को राज्य के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश-हिमपात होने के आसार हैं। आगामी 24 जनवरी से पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है। वहीं अगले 2-3 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने की संभावना है। इसके बाद, अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 4-5 डिग्री सेल्सियस की उल्लेखनीय गिरावट आने की संभावना है। साथ ही राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। आगामी 23 जनवरी को कुछ स्थानों पर शीत दिवस की स्थिति रहने की संभावना है। प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम तापमान में इजाफा हुआ है।

## पीएम मोदी भी लगाएंगे महाकुंभ में डुबकी, इस तारीख को जाएंगे प्रयागराज

प्रयागराज (ए.)। उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में जारी महाकुंभ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच फरवरी को प्रयागराज जा सकते है। उनका ये संभावित दौरा अगले महीने के पहले सप्ताह में हो सकता है। इस दौरान वो कई महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा कर सकते है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महाकुंभ के दौरे को देखते हुए महाकुंभ के क्षेत्र, संगम और आसपास के इलाकों में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्द हो रहे है। सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए खास तैयारियां हो रही है। स्थानीय प्रशासन ने भी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी तैयारियां समय पर पूरी की जाएं। जानकारी के मुताबिक 22 जनवरी को प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान ही योगी कैबिनेट की बैठक होनी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पहले गृहमंत्री अमित शाह भी महाकुंभ जाएंगे। वो 27 जनवरी को महाकुंभ में शिरकत करेंगे। अमित शाह के कार्यक्रम का पूरा शेड्यूल जारी हो चुका है। इस दौरान वो संगम स्नान, गंगा पूजन और अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।



अदानी समूह के अध्यक्ष गौतम अदानी ने प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 के दौरान इस्कॉन मंदिर के शिविर में वितरित करने के लिए महाप्रसाद ( पवित्र भोजन ) तैयार किया है।

# नोएडा को जल्द मिलेगी 9 नई पुलिस चौकियों की सौगात, जिले में 14 पिंक बूथ है संचालित

नोएडा ,(आरएनएस)। गौतमबुद्ध नगर का लगातार विस्तार हो रहा है। नोएडा से लेकर ग्रेटर नोएडा और जेवर तक लगातार लोगों की आबादी भी बढ़ रही है और विकास कार्य भी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। जिसको देखते हुए सुरक्षा के लिहाज से जल्द ही जिले में 9 नई पुलिस चौकियों और इतने ही पिंक बूथ की सौगात मिल जाएगी। चौकियों का उद्घाटन पुलिस महानिदेशक से कराने की संभावना है। अभी तक, महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए उन्हें पूरी तरह से समर्पित जिले में 14 पिंक बूथ संचालित किए जा रहे हैं। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के मुताबिक, नौ नई पुलिस चौकियां बनकर तैयार हैं। एक माह के भीतर इसका संचालन होने लगेगा। चौकियों के संचालन के बाद स्थानीय लोगों को




काफी राहत मिलेगी।ये पुलिस चौकियां तीनों जोन के अलग-अलग थाना क्षेत्र में बनाई गई हैं। इसके अलावा, महिला सुरक्षा को लेकर नौ पिंक बूथ भी तैयार हैं। पिंक बूथ भी तीनों जोन में बनकर तैयार हैं। लोगों से संवाद स्थापित करने के बाद कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए नई पुलिस चौकियों का निर्माण कराया गया है। स्थानीय स्तर पर और आसपास के गांवों में अगर किसी को किसी भी तरह की परेशानी होती है, तो पुलिस चौकी पर पहुंचकर इसकी जानकारी आसानी से दे सकते हैं।पुलिस शिकायत मिलते ही त्वरित कार्रवाई करेगी। नई पुलिस चौकियों पर जल्द ही चौकी प्रभारी समेत अन्य स्टाफ की तैनाती की जाएगी। चौकी का निर्माण कहां पर हो, इसके लिए स्थानीय लोगों का फीडबैक भी लिया गया था। इसके अलावा, थाना क्षेत्र के संपूर्ण हिस्से पर नजर रखने के लिए जिले के सभी थानों में वीडियो वॉल बनाई गई है। इसके लिए सभी थानों को टीवी स्क्रीन मुहैया करा दी गई है।

वीडियो वॉल बनकर तैयार है। इससे अपराध पर प्रभावी अंकुश लगेगा और किसी भी वारदात का खुलासा करने में यह सहायक सिद्ध होगा।

# स्वीट ड्रीम्स में महात्वाकांक्षी है मेरा किरदार : मिथिला पालकर

**अपकमिंग फिल्म 'स्वीट ड्रीम्स' का ट्रेलर आउट हो चुका है। रिलीज को लेकर उत्साहित अभिनेत्री मिथिला पालकर ने अपने किरदार दीया के बारे में प्रशंसकों को बताया कि वह महत्वाकांक्षी है और सामान्य जीवन से कुछ अधिक पाने की चाह रखती है।**



विक्टर मुखर्जी के निर्देशन में तैयार 'स्वीट ड्रीम्स' सपनों की दुनिया से जुड़े दो अजनबियों की कहानी है।

फिल्म के बारे में बात करते हुए मिथिला पालकर ने कहा, दीया की कहानी ऐसी है जिसे कई लोग आसानी से खुद के साथ जोड़ पाएंगे। वह थोड़ा उलझनों में रहती है और महत्वाकांक्षी है। वह कुछ पाने की चाह रखती है। केनी के साथ उसके सपने केवल रोमांस की वजह से नहीं जुड़े हैं।

उन्होंने कहा, मेरे लिए इस फिल्म की शूटिंग एक भावनात्मक सफर की तरह थी और मुझे उम्मीद है कि ट्रेलर दर्शकों को उस जादू की झलक देगा जिसे हमने बनाने की कोशिश की है। विक्टर सर की दूरदर्शिता और अमोल जैसे शानदार सह-कलाकार के बिना यह संभव नहीं हो सकता था। डिज्नी प्लस हॉटस्टार जैसे प्लेटफॉर्म के साथ हमें उम्मीद है कि हम अपनी फिल्म की मदद से काफी आगे बढ़ने में सफल होंगे।

फिल्म में अमोल पाराशर, मेयांग चांग और सौरसेनी मैत्रा भी अहम रोल में हैं। मुकुंद सूर्यवंशी, शुभम शिरुले, देव अरिजीत और आकाशदीप सेनगुप्ता की प्रतिभाशाली टीम द्वारा तैयार फिल्म का साउंडट्रैक, मनमौजी और आनंद से भरा है।

अपने किरदार के बारे में बात करते हुए अमोल पाराशर ने कहा, केनी एक ऐसा किरदार है जो अपने अतीत और मार्मिक संबंध की संभावना के बीच फंसा हुआ है। इस किरदार को निभाना गहरा और संतोषजनक अनुभव था। ट्रेलर दिखाता है कि कैसे स्वीट ड्रीम्स वास्तविकता को काल्पनिकता के साथ खूबसूरती से जोड़ता है। मुझे खुशी है कि मुझे ऐसा किरदार निभाने का मौका मिला, जहां मैं व्यक्तिगत रूप से अपने जीवन के साथ समानताएं खींच सकता था और एक प्रतिभाशाली सह-कलाकार मिथिला पालकर के साथ ऐसा कर रहा हूं।निर्देशक विक्टर मुखर्जी ने कहा, स्वीट ड्रीम्स सिर्फ एक प्रेम कहानी से कहीं बढ़कर है। यह शानदार यात्रा है, जो असाधारण संभावनाओं को तलाशती है, जबकि अक्सर वर्तमान की सुंदरता को अनदेखा कर देती है।

फिल्म के जरिए मैं दर्शकों को फिल्म के शानदार, लेकिन जमीनी लहजे का स्वाद चखाना चाहता था। मैं इस बात से रोमांचित हूं कि मिथिला और अमोल ने केनी और दीया के किरदार को शानदार अंदाज में निभाया है। उम्मीद करता हूं कि दर्शक इसका आनंद लेंगे। स्वीट ड्रीम्स 24 जनवरी को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

# 'बिग बॉस 18' फेम अभिनेत्री को मुंबई में नहीं मिल रहा घर, वजह सुन आप भी रह जाएंगे सन्न



'बिग बॉस 18' फेम अभिनेत्री यामिनी मल्होत्रा शो से बाहर निकलने के बाद मुश्किलों का सामना कर रही हैं। अभिनेत्री को मुंबई में घर नहीं मिल रहा है। मंगलवार को अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की, जिसमें उन्होंने दावा किया कि जब लोगों को पता चला कि वह एक अभिनेत्री हैं, तो उन्हें किराए पर घर देने से मना कर दिया।

**एक्ट्रेस होने की वजह से नहीं मिल रहा घर**

यामिनी ने अपनी स्टोरी में बताया कि ब्रोकर उनसे, उनके धर्म और जाति के बारे में भी सवाल पूछ रहे हैं। 'गुम है किसी के प्यार में' की अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, "नमस्ते दोस्तों, मैं बस एक ऐसी बात शेयर करना चाहती हूं, जो वाकई बहुत निराशाजनक रही है। मुझे मुंबई से जितना प्यार है, यहां घर ढूंढना उतना ही मुश्किल हो रहा है। मुझसे ऐसे सवाल पूछे गए हैं, 'क्या आप हिंदू हैं या मुस्लिम?' 'गुजराती या मारवाड़ी?' और जैसे ही लोगों को पता चलता है कि मैं एक अभिनेत्री हूं, वह सीधे मना कर देते हैं।" अभिनेत्री ने आगे कहा, "क्या एक अभिनेत्री होने के कारण मैं घर पाने की हकदार नहीं हूं? यह चौंकाने वाला है कि 2025 में भी ये सवाल कैसे मौजूद हैं। क्या हम वाकई इसे सपनों का शहर कह सकते हैं, अगर सपने शर्तों के साथ आते हैं?"

**कौन हैं यामिनी मल्होत्रा?**

यामिनी मल्होत्रा एक अभिनेत्री होने के साथ-साथ दंत चिकित्सक भी हैं। वह 'गुम है किसी के प्यार में' के अलावा 'मैं तेरी तू मेरा' में नजर आ चुकी हैं। वह 2016 की फिल्म 'चुट्टालबाई' में भी काम कर चुकी हैं। इस साल अभिनेत्री ने 'बिग बॉस 18' में वाइल्ड कार्ड प्रतियोगी के रूप में भी प्रवेश किया। हालांकि, वह ज्यादा दिनों तक घर में नहीं टिक पाईं। अभिनेत्री मूल रूप से दिल्ली की रहने वाली हैं।


**इस अभिनेत्री को भी घर के लिए करनी पड़ी है मशक्कत**

यह पहली बार नहीं है, जब किसी अभिनेत्री को मुंबई में घर के लिए मशक्कत करनी पड़ रही हो। इससे पहले उर्फी जावेद को भी भेदभाव का सामना करना पड़ चुका है। साल 2023 में उर्फी ने साझा किया था कि लोगों ने उन्हें इसलिए घर देने से मना कर दिया था, क्योंकि वह एक विशेष धर्म से ताल्लुक रखती हैं।

# कन्नप्पा से अक्षय कुमार का फर्स्ट लुक आउट, हाथ में त्रिशूल-माथे पर भस्म-नीलकंठ महादेव के रुद्र अवतार में नजर आए खिलाड़ी

***साउथ फिल्म कन्नप्पा का एलान पिछले साल हुआ था। फिल्म से लगातार हर एक अभिनेता का लुक सामने आ चुका है। विष्णु मांचू से लेकर माता पार्वती के किरदार में काजल अग्रवाल का लुक भी सामने आ चुका है। वहीं आज कुछ ही देर पहले अक्षय कुमार का महादेव के रुद्र अवतार में लुक जारी किया गया है। इस लुक के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है।***






इन दिनों अक्षय कुमार अपनी आगामी फिल्म स्काई फोर्स को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच आज फिल्म निर्माताओं ने साउथ फिल्म कन्नप्पा से अक्षय कुमार के लुक का एक पोस्टर जारी किया है, जिससे साफ हो गया है कि अक्षय कुमार फिल्म में महादेव की भूमिका में नजर आएंगे।

कन्नप्पा मूवी से अक्षय कुमार का फुल लुक सामने आ चुका है। वह कन्नप्पा में महादेव की भूमिका में नजर आएंगे। पोस्टर में खिलाड़ी कुमार एक हाथ में त्रिशूल और एक हाथ में डमरू लिए हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही उनके माथे पर भस्म लगी हुई है। भगवान शिव के अवतार में उन्हें एक बार फिर से देखकर उनके प्रशंसक बेहद खुश हैं। इस फिल्म से पहले अक्षय फिल्म ओ माय गॉड में भगवान शिव की भूमिका निभा चुके हैं।

अक्षय कुमार ने कन्नप्पा से अपना लुक शेयर करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, कन्नप्पा के लिए महादेव की पवित्र आभा में कदम रखते हुए। इस महाकाव्य कथा को जीवंत करने का गौरव प्राप्त हुआ है। भगवान शिव इस दिव्य सफर में हमारा मार्गदर्शन करें। ओम नमः शिवाय।मोहन बाबू निर्मित कन्नप्पा में लीड रोल में विष्णु मांचू निभा रहे हैं। भगवान शिव पर आधारित पौराणिक फिल्म में प्रभास, अक्षय कुमार, मोहनलाल, सरथकुमार, मधु, मोहन बाबू, काजल अग्रवाल और ब्रह्मनंदन जैसे सितारे अहम भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म इसी साल 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# बॉक्स ऑफिस पर तूफान बनी नंदमुरी बालकृष्ण की फिल्म डाकू महाराज, 8 दिनों में 150 करोड़ का आंकड़ा पार

बीते दिनों मकर संक्रांति के मौके पर कई फिल्मों ने सिनेमाघरों में दस्तक दी. जिसमें गेम चेंजर और फतेह बेहद खास थीं,लेकिन बॉक्स ऑफिस पर इन दोनों ही फिल्मों का काफी बुरा हाल देखने को मिला. मकर सक्रांति के आसपास करीब 20 फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज हुई, लेकिन इन सभी फिल्मों को एक फिल्म ने तगड़ी धूल चटाई है.जिसने सिर्फ 8 दिनों में 156 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है. ताबड़तोड़ कमाई करने वाली इस फिल्म का नाम डाकू महाराज है.

डाकू महाराज 12 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. इस फिल्म में 64 साल के नंदमुरी बालकृष्ण (एनबीके), बॉबी देओल और उर्वशी रौतेला मुख्य भूमिका में हैं. रिलीज के बाद से डाकू महाराज हर दिन ताबड़तोड़ कमाई कर रही है. एनबीके की इस फिल्म को न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर में दर्शकों का प्यार मिल रहा है. डाकू महाराज के मेकर्स की ओर से शेयर किए गए आंकड़ों को मुताबिक सिर्फ आठ दिन में एनबीके की फिल्म ने 156 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर डाली है. यह फिल्म नंदमुरी बालकृष्ण की सबसे बड़ी ओपनर है और मौजूदा रफ्तार को देखते हुए यह एक्टर के करियर की सबसे बड़ी हिट साबित हो सकती है. चूंकि अगले दो हफ्तों तक कोई बड़ी रिलीज नहीं है, इसलिए डाकू महाराज के लगातार चलने की उम्मीद है. डाकू महाराज में बॉबी देओल खलनायक की भूमिका में हैं. श्रद्धा श्रीनाथ, प्रज्ञा जायसवाल, उर्वशी रौतेला और चांदनी चौधरी सहित अन्य कलाकार भी मुख्य भूमिका में हैं.

# छावा से सामने आई विक्की कौशल की नई झलकियां, पानी, अग्नि, तूफान एक करेंगे अभिनेता, 22 को रिलीज होगा ट्रेलर

विक्की कौशल की मोस्ट अवेटेड फिल्म छावा 14 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. फिल्म के धांसू टीजर ने पहले ही फैंस के बीच फिल्म को देखने की एक्साइटमेंट बढ़ा दी है और तभी से दर्शक इसके ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे कि आखिर ये कब तक रिलीज होगा. लेकिन विक्की कौशल ने दर्शकों का इंतजार खत्म करते हुए इसका जवाब दे दिया है उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर ट्रेलर की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है. विक्की ने फिल्म से शानदार मोशन पोस्टर रिलीज करते हुए इसके ट्रेलर की रिलीज डेट अनाउंस की है.विक्की कौशल ने अपनी फिल्म छावा का मोशन पोस्टर रिलीज किया है. शंभाजी महाराज के रूप में विक्की का लुक कमाल का लग रहा है. धांसू म्यूजिक बैकग्राउंड, खतरनाक लुक और तगड़े वीएफएक्स से सजे इस मोशन पोस्टर को देखकर विक्की कौशल की फिल्म देखने की उत्सुकता और बढ़ जाती है. विक्की कौशल ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर छावा का नया पोस्टर और धांसू मोशन पोस्टर रिलीज करते हुए इसके ट्रेलर की रिलीज डेट अनाउंस की. विक्की ने कैप्शन लिखा, अग्नि भी वो, पानी भी वो, तूफान भी हो, शेर शिवा का छावा भी हो. छावा का ट्रेलर 22 जनवरी को रिलीज होने जा रहा है. छावा 14 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में आएगी.



# खाना खाने के तुरंत बाद लग जाती है भूख? जानिए ऐसा होने के कारण

कई बार ऐसा होता है कि भोजन करने के बाद भी पेट नहीं भरता और भूख लगती रहती है। ज्यादातर लोग ऐसा होने के कारण से अनजान हैं, लेकिन स्वास्थ्य के लिहाज से इन्हें जानना जरूरी है।

अगर आप संतुलित डाइट नहीं लेते या अधिक ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) वाला खाना खाते हैं तो इसका तृप्ति की भावना पर असर पड़ता है।



आज के लेख में हम जानेंगे कि भोजन करने के बाद भी पेट न भरने के कारण क्या हैं।

## संतुलित डाइट न लेना

पेट भरने के लिए संतुलित डाइट लेना बेहद जरूरी होता है, जिसमें सभी पोषक तत्व मौजूद हों। हालांकि, जिन लोगों के खान-पान में प्रोटीन, फाइबर और स्वस्थ वसा कि कमी होती है, उन्हें बार-बार भूख महसूस हो सकती है।

भोजन की तृप्ति प्रदान करने की क्षमता उसमें मौजूद प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, वसा और फाइबर की मात्रा पर निर्भर करती है।

ये तत्व भूख वाले हार्मोन को नियंत्रित करते हैं और पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखते हैं।

## जल्दी-जल्दी भोजन करना

जल्दी-जल्दी खाना और भोजन को ठीक तरह से न चबाना भी तृप्ति की भावना पर असर डाल सकता है।

जब आप बहुत जल्दी-जल्दी खाते हैं, तो आप अपने दिमाग को यह महसूस करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दे पाते कि आपका पेट भर गया है।

ऐसा इसलिए है, क्योंकि पेट दिमाग को यह संकेत भेजने में कम से कम 20 मिनट का समय लगाता है। इसके परिणामस्वरूप, आपको बार-बार भूख लग सकती है और आपका वजन बढ़ सकता है।

तनाव का शिकार होना

कई लोग तनाव से निपटने के लिए स्ट्रेस ईटिंग करने लगते हैं। इसका मतलब होता है चिंता को दूर करने के लिए भूख से अधिक खाना।

ऐसा करने से कोर्टिसोल के स्तर में वृद्धि होने लगती है और तृप्ति की भावना पर असर पड़ता है।

एक अध्ययन में कहा गया है कि ऐसे लोगों को भूख लगने पर नहीं, बल्कि भावनाओं के असंतुलित होने पर भोजन करने की इच्छा जगती है।

## अधिक जीआई वाला भोजन करना

किसी भोजन का ग्लाइसेमिक इंडेक्स (जीआई) आपके ब्लड शुगर के स्तर के प्रभाव से मापा जाता है। कार्ब्स या शर्करा से भरपूर भोजन ब्लड शुगर के स्तर में तेजी से वृद्धि और उसके बाद गिरावट का कारण बन सकता है।

यह भी बार-बार भूख लगने का एक कारण हो सकता है। ऐसे में आपको अधिक जीआई वाले खाद्य पदार्थों का सेवन बंद कर देना चाहिए और संतुलित डाइट लेनी चाहिए।

## डिहाइड्रेशन होना

कभी-कभी प्यास लगने पर भी लोग भोजन कर लेते हैं, क्योंकि वह प्यास और भूख के बीच का अंतर नहीं समझ पाते हैं। इसका मुख्य कारण होता है डिहाइड्रेशन या पानी की कमी।

तो अगली बार जब आपको खाने के बाद भूख लगे तो एक गिलास पानी पिएं। जब आप अच्छी तरह से हाइड्रेटेड रहेंगे, तो आपका पेट भी साफ रहेगा, तृप्ति की भावना भी बढ़ेगी और बार-बार भूख नहीं लगेगी।

# फिल्म स्काई फोर्स का नया गाना ऐ मेरे वतन.... रिलीज, 24 जनवरी को सिनेमा घरों देगी दस्तक

अक्षय कुमार फिल्म स्काई फोर्स को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को बेहद पसंद आया है और गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज होने वाली यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर सकती है।प्रशंसक तो यही कयास लगाए रहे हैं। खुद अक्षय को भी अपनी इस फिल्म से बड़ी उम्मीदें हैं।पिछले दिनों फिल्म का गाना रंग रिलीज हुआ था और अब इसका नया गाना ऐ मेरे वतन के लोगों रिलीज हो गया है।अक्षय ने गाने की जानकारी देते हुए सोशल मीडिया पर लिखा, देश के लिए शहीद हुए हमारे वीर जवानो को विनम्र श्रद्धांजलि।गाने में अक्षय और वीर पहाड़िया देशभक्ति के रंगे में डूबे हुए हैं, वहीं लता मंगेशकर की आवाज तो पहले ही इस गीत को अमर कर चुकी है।स्काई फोर्स में अक्षय के साथ सारा अली खान और निमरत कौर भी अहम भूमिका में हैं।यह फिल्म 24 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस के मौके पर सिनेमाघरों में आएगी। स्काई फोर्स में अक्षय कुमार एक वायुसेना अधिकारी के किरदार में नजर आएंगे।

# त्वचा की देखभाल करने में मदद कर सकता है चकोतरा, जानिए इस्तेमाल करने के तरीके

त्वचा की देखभाल करने के लिए महिलाएं महंगे उत्पादों का इस्तेमाल करती हैं। हालांकि, कई ऐसे फल भी होते हैं, जो त्वचा की रंगत को निखाने में योगदान देते हैं।

ऐसा ही एक फल है चकोतरा, जिसे ग्रेपफ्रूट भी कहा जाता है। इस फल में अच्छी मात्रा में विटामिन-ष्ट मौजूद होता है और यह त्वचा को हाइड्रेट करता है।

अगर आप त्वचा की देखभाल में इन तरीकों से चकोतरे को शामिल करेंगे, तो आपको बेदाग और चमकती हुई त्वचा मिलेगी।

## चकोतरे और दही का स्क्रब

सामग्री: एक चम्मच सादी दही, एक चम्मच चीनी और एक बड़ा चकोतरा।

विधि: चकोतरे और दही का स्क्रब बनाने के लिए सबसे पहले चकोतरे का ताजा जूस निकाल लें। अब एक कटोरे में यह जूस डालें और उसमें चीनी और दही मिलाएं।

इस स्क्रब को अपने चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथों से रगड़ें। कुछ देर बाद अपने चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें।

फायदे: इसके जरिए आपकी त्वचा एक्सफोलिएट हो जाएगी और मृत त्वचा कोशिकाएं दूर होंगी।

## चकोतरे और एलोवेरा का टोनर

सामग्री: एक बड़ा चकोतरा, एक चम्मच ताजा एलोवेरा जेल और आधा कप पानी।

विधि: चकोतरे और एलोवेरा का टोनर बनाने के लिए चकोतरे का जूस निकाल लें। अब एक साफ स्प्रे बोतल लें और उसमें यह जूस डालें।

इसमें एलोवेरा जेल और पानी डालें और अच्छी तरह हिलाएं। अपने चेहरे को धोने के बाद इस टोनर का इस्तेमाल करें।

फायदे: इस टोनर के जरिए आपकी त्वचा हाइड्रेट हो जाएगी और आपको जलन से छुटकारा मिलेगा।

## चकोतरे और एवोकाडो का फेस पैक

सामग्री: आधा एवोकाडो, एक छोटे आकार का चकोतरा और एक चम्मच जैतून का तेल।

विधि: इस फेस पैक को बनाने के लिए सबसे पहले एवोकाडो को मीस लें और चकोतरे का जूस निकाल लें।

अब एक कटोरे में इन दोनों सामग्रियों को मिलाएं और जैतून का तेल भी शामिल करें। इस पैक को अपने चेहरे पर लगाएं, 15 से 20 मिनट तक सुखाएं और धो लें।



फायदे: यह फेस पैक आपके चेहरे को निखार देगा और त्वचा को मुलायम बनाएगा।

चकोतरे, चीनी और अंगूर के बीज के तेल का स्क्रब

सामग्री: आधा चकोतरा, 3 चम्मच अंगूर के बीज का तेल और 2 से 3 चम्मच चीनी।

विधि: चकोतरे, चीनी और अंगूर के बीज के तेल का स्क्रब बनाने के लिए सबसे पहले चकोरते का जूस निकालें। अब एक कटोरे में तीनों सामग्रियों को मिला लें।

ध्यान रहे की चीनी पूरी तरह से घुल न जाए। इसे चेहरे पर लगाएं, हल्के हाथों से रगड़ें और पानी से धो लें।

फायदे: इसके जरिए त्वचा एक्सफोलिएट होगी और गहराई से साफ हो जाएगी।

चकोतरे और खीरे का फेस पैक

सामग्री: आधा चकोतरा और आधा खीरा।

विधि: चकोतरे और खीरे का फेस पैक बनाने के लिए सबसे पहले खीरे को छीलकर बड़े टुकड़ों में काट लें। अब एक ब्लेंडर में इन्हें डालें और चकोतरा शामिल करके पीस लें।

इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं और 20 मिनट सूखने दें। जब यह पैक सूख जाए तो इसे गुनगुने पानी से धो लें।

फायदे: इस पैक को लगाने से त्वचा हाइड्रेट होगी और आपको प्राकृतिक निखार मिलेगा।

## पार्ल रॉयल्स जोबर्ग सुपर किंग्स पर 6 विकेट से जीत के साथ शीर्ष पर पहुंची

पार्ल,,(आरएनएस)। पार्ल रॉयल्स के स्पिनरों ने बोलैंड पार्क के अपने गढ़ में अपना दबदबा कायम रखते हुए जोबर्ग सुपर किंग्स को छह विकेट से हराकर एसए 20 अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है।ब्योर्न फोर्टुइन, मुजीब उर रहमान, जो रूट और डुनिथ वेल्लालेज की रॉयल्स चौकड़ी ने जोबर्ग सुपर किंग्स की बल्लेबाजी इकाई के चारों ओर जाल बिछा दिया और मेहमान टीम को 146/6 पर रोक दिया।फोर्टुइन (2-22) ने पावरप्ले में दो विकेट लेकर जेएसके की पारी की शुरुआत की, जिसने मुजीब (1-28) और बाकी के लिए लय तैयार कर दी।रॉयल्स के कप्तान डेविड मिलर ने कहा, बहुत खुश हूं, जीत की रेखा पार करना अच्छा लगा। यह उन विकेटों में से एक था, जहां हमने स्पिन के साथ जाना था और यह कारगर रहा। एक समय पर हमारे पास बहुत सारे विकल्प थे, जो बहुत बढ़िया था। हमने उन पर दबाव बनाया, लेकिन आखिरी दो ओवरों ने हमें निराश किया, लेकिन खेल की यही प्रकृति है। मुझे लगा कि यह बराबर स्कोर था।यह स्कोर बहुत कम होता यदि इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो (40 गेंदों पर 60 रन) और डोनोवन फेरेरा की 19 गेंदों पर नाबाद 32 रन की पारी के कारण सुपर किंग्स ने अंतिम पांच ओवरों में 65 रन नहीं जोड़े होते।बेयरस्टो ने कहा, मुझे लगा कि हमारा स्कोर प्रतिस्पर्धी है, क्योंकि उनके गेंदबाजों ने शुरुआत में ही विकेट लेकर हमें बैकफुट पर ला दिया था, इसलिए उनका खेल निष्पक्ष था।लेकिन सुपर किंग्स के आखिरी क्षणों में किए गए आक्रमण के बाद भी रॉयल्स को आसानी से रन चेज पूरा करने में कोई परेशानी नहीं हुई क्योंकि घरेलू टीम छह विकेट के साथ ही जीत दर्ज करने में सफल रही।

# चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बीसीसीआई ने पाक को दिया एक और बड़ा झटका

## -इस बार निशाने पर पीसीबी का नाम




नईदिल्ली,(आरएनएस)। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आधिकारिक आयोजक पाकिस्तान है. इस मेगा इवेंट की शुरुआत 19 फरवरी से शुरु हो रही है. टूर्नामेंट से पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड कई तरह की मुश्किलों का सामना कर रहा है. इसी बीच बीसीसीआई ने एक ऐसा कदम उठाया जो पीसीबी की मुश्किल को तो बढ़ाएगी ही उनके सम्मान को भी ठेस पहुंचाएगा।

आईसीसी के टूर्नामेंट की मेजबानी जिस भी सदस्य देश को मिलती है उसका नाम टूर्नामेंट में भाग लेने वाले देशों के खिलाड़ियों की जर्सी पर लिखा होता है. रिपोर्टों के मुताबिक बीसीसीआई ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में टीम इंडिया की जर्सी पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड प्रिंट कराने से इनकार कर दिया है. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के इस फैसले से पाकिस्तान को बड़ा झटका लगा है. ये उसके सम्मान पर आंच की तरह है.चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का नाम टीम इंडिया की जर्सी पर लिखने से इनकार के बाद पीसीबी के एक अधिकारी ने से बातचीत में बीसीसीआई पर क्रिकेट में राजनीति को लाने का आरोप लगाया है. इससे पहले बीसीसीआई ने कैप्टेंस मीटिंग और फोटोशूट के लिए रोहित शर्मा को भी पाकिस्तान से भेजने से इनकार कर दिया था. चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत में एक महीने से भी कम का समय बचा है. पाकिस्तान के तीन स्टेडियम (लाहौर, कराची और रावलपिंडी) में इस इवेंट का आयोजन होना है. तीनों ही स्टेडियम फिलहाल निर्माणाधिन हैं. अगर जनवरी के अंत तक स्टेडियम तैयार नहीं हुए तो पूरे टूर्नामेंट की मेजबानी आईसीसी दुबई में शिफ्ट कर सकता है.बता दें कि भारतीय टीम के पाकिस्तान नहीं जाने की वजह से पहले से ही चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन हाईब्रिड मॉडल में हो रहा है।

## ज्वेरेव ने बेकर को पीछे छोड़ा, सेमीफाइनल में पहुंचे

नईदिल्ली,(आरएनएस)। जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने मंगलवार को टॉमी पॉल के विरुद्ध नाटकीय 7-6(1), 7-6(0), 2-6, 6-1 की जीत के साथ अपने तीसरे ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफ़ाइनल में प्रवेश किया।एटीपी रैंकिंग में नंबर 2 ने पहले दो सेटों में से प्रत्येक में एक सेट पॉइंट बचाया और रॉड लेवर एरिना में पॉल के दोनों सेटों को सर्व करने के प्रयास को विफल कर दिया।अमेरिकी खिलाड़ी द्वारा तीसरे सेट में फिर से वापसी करने के बाद, ज्वेरेव ने अपने शुरुआती बचावों को चौथे सेट में प्रभावशाली तरीके से भुनाया। अपने नौवें ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद, जर्मन खिलाड़ी को कार्लोस अल्काराज़ और नोवाक जोकोविच के बीच शाम को होने वाले मुकाबले के विजेता का इंतजार है। दोनों पुरुष सेमीफाइनल शुक्रवार को खेले जाएंगे, जिससे ज्वेरेव और उनके प्रतिद्वंद्वी दोनों को दो दिन का आराम मिलेगा।ज्वेरेव ने पॉल के साथ तीन लेक्सस एटीपी हेड2हेड मुकाबलों में अपनी पहली जीत हासिल की, क्योंकि उन्होंने महत्वपूर्ण बिंदुओं पर दबदबा बनाया।

## बैडोसा ने गॉफ को हराकर पहली बार ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में जगह बनाई

मेलबर्न, ,(आरएनएस)। पूर्व विश्व नंबर 2 पाउला बैडोसा ने मंगलवार को क्वार्टर फाइनल में विश्व नंबर 3 कोको गॉफ को 7-5, 6-4 से हराकर पहली बार ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में जगह बनाई।

27 वर्षीय बैडोसा, जो पिछले वर्ष करियर को खतरे में डालने वाली पीठ की चोट के बाद 2024 की कमबैक प्लेयर ऑफ द ईयर थीं, इससे पहले अपने करियर में प्रमुख क्वार्टर फाइनल में 0-2 से पिछड़ चुकी थीं। उन्होंने रॉड लेवर एरिना के अंदर 1 घंटे और 43 मिनट में गॉफ को 2025 की पहली हार दी।

बैडोसा ने मैच के बाद कहा, आज मैं खेलने उतरी, और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ खेल खेलना चाहती थी, और मुझे लगता है कि मैंने ऐसा किया। कोको, शुरुआत में, वह अजीब सी टेनिस खेल रही थी, लेकिन आज मैंने जो प्रदर्शन किया, उस पर मुझे बहुत गर्व है।

उन्होंने कहा, एक साल पहले, मैं अपनी पीठ की चोट के साथ यहां थी, मुझे नहीं पता था कि मुझे इस खेल से संन्यास लेना है या नहीं, और अब मैं यहां हूं, दुनिया में सर्वश्रेष्ठ खेल रही हूं। मैंने आज जीत हासिल की, मैं सेमीफाइनल में हूं, और मैंने कभी नहीं सोचा था कि एक साल बाद, मैं यहां पहुंचूंगी।


बैडोसा ने कड़ी मेहनत से पहला सेट 7-5 से जीता, जिसमें उन्होंने सामरिक कौशल का प्रदर्शन किया। 30-30 पर प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने के बावजूद, उन्होंने संयम बनाए रखा, लाभ को सुरक्षित करने के लिए शक्ति और प्लेसमेंट के मिश्रण का उपयोग किया। गॉफ ने बहादुरी से लड़ाई लड़ी, गलतियां करने पर मजबूर किया और दबाव बनाए रखा, लेकिन अंतत: आगे नहीं बढ़ सकीं।

दूसरे सेट की शुरुआत में गॉफ की सर्विस के 18 मिनट के खेल ने स्पैनियार्ड को आगे कर दिया, और उसने 2-2 से तीन सीधे गेम जीते, जबकि गॉफ का संघर्ष जारी रहा।

लेकिन 5-2 पर जीत हासिल करने में विफल रहने के बाद, बैडोसा ने मैच के अंतिम गेम में दो एस, एक अनरिटर्न्ड सर्विस और एक फोरहैंड विनर के साथ अंतिम चार में अपनी जगह पक्की कर ली।

# विराट कोहली के सपोर्ट में उतरे सौरव गांगुली

## बोले, जिस तरह से उन्होंने बैटिंग की, उससे मैं काफी हैरान था



नईदिल्ली,(आरएनएस)। भारतीय पूर्व दिग्गज सौरव गांगुली विराट कोहली के सपोर्ट में उतर आए हैं. उन्होंने विराट के हालिया प्रदर्शन पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया है कि ऐसा हर क्रिकेटर के साथ होता है. साथ ही उन्होंने कोहली को वाइट बॉल क्रिकेट का सबसे महान क्रिकेटर बताया है और कहा कि ऐसा खिलाड़ी जिंदगी में एक ही बार मिलता है.

ऑस्ट्रेलिया दौरा विराट कोहली के लिए काफी निराशाजनक रहा. पर्थ टेस्ट में आए शतक के अलावा वह एक भी बड़ी पारी नहीं खेल सके और उन्होंने 5 मैचों में 190 रन बनाए. लगभग हर मैच में वह बाहर की गेंद को खेलने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे.हर बार एक ही गलती दोहराने के चलते विराट को काफी आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ा।

जी हां, ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद से ही कोहली के गेम पर सवाल उठ रहे हैं. कोई उनके सपोर्ट में बयान दे रहा है, तो कोई विराट कोहली के खराब फॉर्म की आलोचना कर रहा है. अब इसी बीच पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने भी प्रतिक्रिया दे डाली है. उनका कहना है कि हर खिलाड़ी के साथ ही ऐसा होता है।

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने विराट कोहली के हालिया खराब फॉर्म को लेकर उनका सपोर्ट किया है. उनका कहना है कि, पर्थ में शतक बनाने के बाद जिस तरह से उन्होंने बैटिंग की, उससे मैं काफी हैरान था. उससे पहले उन्हें स्ट्रगल करना पड़ा, लेकिन मुझे लगा था कि पर्थ में सेंचुरी बनाने के बाद, यह उनके लिए एक बड़ी सीरीज होगी, मगर मुझे लगता है कि ऐसा होता है।

%हर खिलाड़ी की अपनी कमजोरी और ताकत होती है. दुनिया में ऐसा कोई खिलाड़ी नहीं है, जिसके पास ये नहीं होगा. यह इस बात पर डिपैंड करता है कि आप समय के साथ महान गेंदबाजों के खिलाफ खेलते हुए अपनी वीकनेस के साथ तालमेल कैसे बैठाते हैं।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए चुनी गई टीम इंडिया में विराट कोहली खेलते दिखने वाले हैं. इससे पहले खबरें आ रही हैं कि विराट रणजी ट्रॉफी में खेलते दिख सकते हैं. हालांकि, कोहली 23 जनवरी से शुरू होने वाले पहले मैच का हिस्सा नहीं होंगे. मगर, खबर है कि दिल्ली - रेलवे के बीच होने वाले के लिए विराट उपलब्ध हैं और उन्होंने डीडीसीए को इसकी जानकारी दे दी है।

## सूर्यकुमार की कप्तानी में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में जीत से शुरुआत करने उतरेगी भारतीय टीम

### शाम 7 बजे से शुरु होंगे मैच

कोलकाता (ए)। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 क्रिकेट सीरीज के पहले मुकाबले में जीत के इरादे से उतरेगी। भारतीय टीम का लक्ष्य मैच में जीत के साथ शुरुआत करना रहेगा। इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन कर भारतीय टीम के पास अगले माह होने वाली एकदिवसीय सीरीज और चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए लय हासिल करने का भी अच्छा अवसर रहेगा। दोनो ही टीमों में शानदार खिलाड़ी हैं, ऐस में ये सीरीज रोमांचक होना तय है। इस मैच से अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी वापसी कर रहे हैं। ऐसे में उनके प्रदर्शन पर भी सभी की नजरें रहेंगी। शमी एकदिवसीय विश्व कप 2023 के बाद पहली बार इस मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे। शमी को एकदिवीय विश्वकप में टखने में चोट लग गयी थी जिसके लिए उन्हें सर्जरी भी करानी पड़ी है। । शमी ने बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी में वापसी करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया था।



शमी ने टी20 करियर में 2014 में पदार्पण के बाद से केवल 23 मैच खेले हैं। उन्होंने अंतिम बार इंग्लैंड के खिलाफ 2022 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल खेला था। इस सीरीज में ऑलराउंडर अक्षर पटेल को भारतीय टीम का उप-कप्तान बनाया गया है, ऐसे में अक्षर का लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन कर अपने चयन को सही साबित करना रहेगा। अक्षर ने वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप में भी अच्छा प्रदर्शन किया था। वहीं चैम्पियंस ट्रॉफी टीम में शामिल नहीं किये गये विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन भी इस मैच में अच्छा प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं को करारा जवाब देना चाहेंगे।

## गोरान इवानसेविच ने रिबाकिना के कोच पद से इस्तीफा दिया

मेलबर्न, (आरएनएस)। गोरान इवानसेविच ने एलेना रिबाकिना के ऑस्ट्रेलियाई ओपन से चौथे दौर में बाहर होने के बाद उनके कोच पद से इस्तीफा दे दिया है, जिसकी घोषणा मंगलवार को की गई।

2023 ऑस्ट्रेलियन ओपन की फाइनलिस्ट नंबर 6 सीड रिबाकिना को सोमवार को सीजन के पहले मेजर के चौथे दौर में अमेरिका की नंबर 19 सीड मैडिसन कीज के हाथों 3-6, 6-1, 3-6 से हार का सामना करना पड़ा।सोशल मीडिया पर एक बयान में इवानसेविच ने भूमिका से अपने इस्तीफे की पुष्टि की। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, ऑस्ट्रेलियन ओपन के साथ समाप्त हुए हमारे ट्रायल पीरियड के बाद, मैं एलेना और उनकी टीम को आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं देता हूं। रिबाकिना से पहले, इवानसेविच हाल ही में सर्बियाई महान नोवाक जोकोविच को कोचिंग दे रहे थे। मार्च 2024 में दोनों अलग हो गए, उन्होंने छह सीज़न एक साथ बिताए जिसमें जोकोविच ने 12 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते।एक खिलाड़ी के रूप में, इवानसेविच दुनिया के सबसे बड़े सर्वरों में से एक थे और विश्व नंबर 2 तक पहुंचे। क्रोएशियाई ने 22 टूर-स्तरीय एकल खिताब जीते, जिसमें वाइल्ड कार्ड के रूप में 2001 विंबलडन खिताब तक का सफर भी शामिल है।विश्व नंबर 5 रिबाकिना ने 2025 डब्ल्यूटीए टूर सीज़न के लिए इवानसेविच को अपना नया कोच नियुक्त किया था। 2022 विंबलडन चैंपियन ने पिछले नवंबर में रियाद में डब्ल्यूटीए फ़ाइनल में मीडिया डे पर नियुक्ति की घोषणा की।



## इंडोनेशिया : भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ से 17 की मौत, 8 लापता

जकार्ता ,(आरएनएस)। इंडोनेशिया के मुख्य द्वीप जावा के पहाड़ी गांवों में आई अचानाक बाढ़ ने भीषण तबाही मचाई है। कम से कम 17 लोगों के शव बरामद हुए हैं जबकि आठ लोग लापता बताए जा रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को हुई मूसलाधार बारिश के कारण नदियां अपने किनारों को तोड़कर मध्य जावा प्रांत के पेकलोंगन रीजेंसी के नौ गांवों में घुस गईं, जबकि कीचड़, चट्टानें और पेड़ पहाड़ी बस्तियों पर गिर गए।बचावकर्मियों ने मंगलवार तक सबसे अधिक प्रभावित पेटुंगक्रीयोनो गांव से कम से कम 17 शवों को बाहर निकाला और बचावकर्मी आठ ग्रामीणों की तलाश कर रहे हैं, जो कथित तौर पर अभी भी लापता हैं।अधिकारियों ने बताया ग्यारह घायल लोग किसी तरह से अपनी जान बचाने में कामयाबी रहे उन्हें पास के अस्पतालों में ले जाया गया।खराब मौसम, भूस्खलन और ऊबड़-खाबड़ इलाके के कारण बचाव अभियान में काफी मुश्किलें आ रही हैं।अक्टूबर से मार्च तक होने वाली मौसमी बारिश अक्सर इंडोनेशिया में बाढ़ और भूस्खलन का कारण बनती है, जो 17,000 द्वीपों का एक द्वीपसमूह है। देश में लाखों लोग पहाड़ी इलाकों या उपजाऊ बाढ़ के मैदानों के पास रहते हैं।पिछले महीने, पश्चिमी जावा प्रांत के सुकाबुमी जिले में भूस्खलन, अचानक बाढ़ और तेज़ हवाओं ने 12 लोगों की जान ले ली थी। नवंबर में भारी बारिश के कारण भूस्खलन और अचानक बाढ़ ने इंडोनेशिया के उत्तरी सुमात्रा प्रांत को प्रभावित किया था, जिसमें 20 लोग मारे गए थे और दो लापता थे। इस क्षेत्र में भूस्खलन की वजह से एक पर्यटक बस भी क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई थी।

## तुर्की के होटल में भीषण आग, 10 की मौत, 32 घायल

अंकारा ,(आरएनएस)। उत्तर-पश्चिमी तुर्की के एक स्की रिसॉर्ट होटल में मंगलवार की सुबह आग लगने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तुर्की के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह 3ः27 बजे (0027 जीएमटी) कार्तलकाया के पहाड़ की चोटी पर स्थित रिसॉर्ट में 12 मंजिला ग्रैंड कार्टल होटल के रेस्तरां में आग लग गई।बताया जा रहा है कि कम से कम दो पीड़ितों की मौत घबराहट में इमारत से कूदने की वजह से हुई। स्थानीय मीडिया ने यह भी बताया कि गेस्ट चादरों और कंबलों का इस्तेमाल करके अपने कमरों से नीचे उतरने की कोशिश कर रहे थे।वायरल फुटेज में होटल की छत और ऊपरी मंजिलों में आग लगी हुई दिखाई दे रही थी, जिससे आसमान में धुएं का गुबार उठ रहा था और बैकग्राउंड में बर्फ से ढका एक पहाड़ दिखाई दे रहा था। स्कूल की छुट्टियों की वजह से होटल 80-90 प्रतिशत तक भरा हुआ था, जिसमें 230 से ज्यादा मेहमान चेक इन कर चुके थे। होटल में स्की इंस्ट्रक्टर नेकमी केपसेटुटन ने मीडिया को बताया कि उन्होंने इमारत से लगभग 20 लोगों को निकालने में मदद की थी, लेकिन धुएं के कारण आग से बचने के लिए रास्ते ढूंढना मुश्किल था। उन्होंने कहा, मैं अपने कुछ स्टूडेंट्स तक नहीं पहुंच पाया, मुझे उम्मीद है कि वे ठीक होंगे। बताया जा रहा है कि 161 कमरों वाले होटल के डिजाइन, जिसमें लकड़ी के शैलेट-शैली के आवरण हैं, की वजह से आग तेजी से फैली होगी। अधिकारियों ने कहा कि 30 दमकल गाड़ियां और 28 एंबुलेंस घटनास्थल पर भेजी गईं, लेकिन होटल एक चट्टान पर स्थित था। इस वजह से आग पर काबू पाने के लिए दमकलकर्मियों के प्रयासों में काफी बाधा आई। ऐहतियात के तौर पर आस-पास के अन्य होटलों को खाली करा लिया गया, और मेहमानों को अन्य जगहों पर भेज दिया गया।

# बांग्लादेश की नई करतूत सामने आई, बांग्लादेशी सेना को भारतीय सेना का मुकाबला करने का अधिकार मिलेगा



ढाका,(ए)। बांग्लादेश में मोहम्मद युनुस की अंतरिम सरकार का समर्थन करने वाले इस्लामवादियों ने एक राष्ट्रीय सुरक्षा सिद्धांत अपनाने का आह्वान किया है। इस सिद्धांत से बांग्लादेशी सेना को भारतीय सेना का मुकाबला करने का अधिकार मिलेगा। यह जानकारी अंतरिम सरकार के सूत्रों से मिली है। यह मामला बांग्लादेश की राजनीति से जुड़ा है और हाल ही में हुए घटनाक्रमों का नतीजा है। इसमें इस्लामवादी, सेना, भारत और बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की भूमिका है। इस्लामपंथियों ने उस सैन्य नेतृत्व की मांग की है जो स्वतंत्र हो और भारत द्वारा कंट्रोल न हो। हाल ही में एक पत्रकार ने एक सार्वजनिक मंच पर यह बात कही। सूत्रों का कहना है कि पत्रकार की टिप्पणी इस्लामवादियों के विचारों को दिखाती है। पत्रकार ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अगुवाई वाली अवामी लीग पर सेना के नेतृत्व को कमजोर करने का आरोप लगाया। हसीना को सत्ता से बेदखल किए जाने के बाद से पत्रकार अवामी लीग के खिलाफ मुखर रहे हैं। वे अवामी लीग की स्टूडेंट विंग पर प्रतिबंध लगाने की मांग भी कर रहे हैं। साइमा वाजेद, शेख हसीना की बेटी हैं, जिन्हें डब्ल्यूएचओ के एक महत्वपूर्ण पद के लिए नामांकित किया गया है। रहमान इस नामांकन को रद्द करना चाहते हैं। इसके अलावा जमुना पुल का नाम शहीद अबू सईद के नाम पर रखने, 2009 से भारत के साथ हुए समझौतों को सार्वजनिक करने और ढाका में बंगबंधु एवेन्यू का नाम बदलकर शहीद अबरार करने जैसे कदम शामिल हैं।

## ट्रंप के शपथ से पहले पत्नी मेलानिया ने लॉन्च की क्रिप्टोकरेंसी... मिनटों में मार्केट वैल्यू हो गई 2 बिलियन डॉलर

न्यूयॉर्क, (आरएनएस)। डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण के कुछ घंटे पहले ही उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप ने अपनी क्रिप्टोकरेंगी लॉन्च कर दी है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 'डॉलरमेलानिया' को खरीदा जा सकता है। 'डॉलरमेलानिया' को डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा अपना मीम कॉइन पेश करने के ठीक बाद लॉन्च किया गया, जिसने 'डॉलरट्रंप' के मूल्य को कुछ समय के लिए प्रभावित किया। इसकी आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, 'डॉलरमेलानिया' क्रिप्टोकरेंसी सोलाना ब्लॉकचेन पर बनाई और ट्रैक की जाती है। मीम कॉइन कैरेक्टर, व्यक्तियों, जानवरों या आर्टवर्क से प्रेरित क्रिप्टोकरेंसी हैं। 'डॉलरट्रंप' और 'डॉलरमेलानिया' कॉइन के लॉन्च के बाद से ही कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन वे अस्थिर ट्रेडिंग के अधीन भी हैं।

## ट्रंप की शपथ में सबसे आगे बैठे दिखे भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे विदेश मंत्री जयशंकर



वाशिंगटन(ए)। डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। चार साल बाद दूसरी बार सत्ता में उनकी वापसी हुई। अमेरिका में बहुत अधिक ठंड की वजह से शपथ ग्रहण समारोह कैपिटल रोटुंडा (संसद भवन के केंद्रीय कक्ष) में आयोजित किया गया। भारत की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर शपथ ग्रहण समारोह के मेहमान थे। वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष दूत के रूप में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। जब उनकी अमेरिका से तस्वीर सामने आई, तो बहुत से लोगों को हैरानी हुई। तस्वीर देख लोगों को यकीन ही नहीं हो रहा था। दरअसल, वह तस्वीर कोई आम तस्वीर नहीं। यह बदलते भारत की तस्वीर है। यह नए इंडिया की तस्वीर है। जयशंकर जिस पहली पंक्ति में बैठे थे, उसी पंक्ति में इक्वाडोर के राष्ट्रपति भी थे। भारत की अहमियत इसी बात से समझी जा सकती है। जयशंकर ने ने ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह की तस्वीरों को अपने एक्स हैंडल पर शेयर किया। उन्होंने लिखा समारोह में शामिल होना उनके लिए सम्मान की बात है।उन्होंने एक्स पर लिखा, 'आज वाशिंगटन डीसी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करना एक बड़े सम्मान की बात है।' सूत्रों का कहना है कि जयशंकर डोनाल्ड ट्रंप की खातिर पीएम मोदी का संदेश वाला एक लेटर भी लेकर गए थे। अमेरिका के लिए भारत कितना अहम है, यह इन तस्वीरों से समझा जा सकता है।

# चीन से मिले एयरपोर्ट को शान से बता रहा पाकिस्तान, ड्रैगन ने ही कर दी बेइज्जती; कह दी ये बड़ी बात




बीजिंग (आरएनएस)। चीन द्वारा पाकिस्तान को दिए गए नए ग्वादर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आखिरकार उड़ानें शुरू हो गई हैं। इस अवसर पर जहां पाकिस्तान इसे 'चीन के साथ दोस्ती' का प्रतीक बता रहा है, वहीं चीन ने इसे महज एक 'दान' करार दिया है। यह हवाई अड्डा, जिसकी आधारशिला मार्च 2019 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान ने रखी थी, का उद्घाटन मौजूदा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अक्तूबर 2024 में किया था। चीन की समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में स्थित इस हवाई अड्डे पर सोमवार को पहली उड़ान उतरी। पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) की एक उड़ान सुबह 11 बजकर 14 मिनट पर यहाँ पहुँची। इस उड़ान का स्वागत रक्षा और उड्डयन मंत्री ख्वाजा आसिफ, बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुग्ती और पाकिस्तान सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने किया।प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस अवसर पर इसे पाकिस्तान और चीन की दोस्ती का एक महत्वपूर्ण उदाहरण बताया। उन्होंने कहा, हमने ग्वादर को मध्य पूर्व और खाड़ी देशों को मध्य और पूर्वी देशों से जोड़ने का एक मील का पत्थर पार कर लिया है।

वहीं, चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (CCP) के मुखपत्र माने जाने वाले ग्लोबल टाइम्स ने इसे 'डोनेशन' यानी 'दान' करार दिया है। उनकी रिपोर्ट के अनुसार, चीन द्वारा अनुदान के रूप में तैयार और वित्तपोषित किए गए नए ग्वादर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर संचालन शुरू हो गया है। यह 4F ग्रेड का अत्याधुनिक हवाई अड्डा है जो सबसे बड़े नागरिक विमानों को संभालने में सक्षम है। इसमें 3,658 मीटर लंबा और 75 मीटर चौड़ा रनवे है, जिसकी नींव विशेष रूप से तटीय इलाके के अनुरूप डाली गई है। हवाई अड्डे के प्रबंधकों का कहना है कि इससे पाकिस्तान की अन्य देशों के साथ हवाई कनेक्टिविटी में सुधार होगा। इस प्रकार, एक ओर जहां पाकिस्तान इस हवाई अड्डे को दोनों देशों के बीच संबंधों की मजबूती के रूप में देख रहा है, वहीं चीन इसे महज अपनी ओर से दी गई सहायता के रूप में दर्शा रहा है।

## ट्रंप ने विश्व स्वास्थ्य संगठन से अमेरिका के हटने की घोषणा की

न्यूयॉर्क, (आरएनएस)। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि वह विश्व स्वास्थ्य संगठन से अमेरिका को अलग कर रहे हैं। यह एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि पदभार संभालने के पहले ही दिन उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी के साथ अपने संबंध समाप्त कर लिए हैं। ट्रंप लंबे समय से डब्ल्यूएचओ के आलोचक रहे हैं और उनका प्रशासन जुलाई 2020 में औपचारिक रूप से संगठन से हट गया था क्योंकि कोविड-19 महामारी फैल रही थी। कार्यकारी आदेश में अमेरिका के हटने के कारणों के रूप में चीन के वुहान में उत्पन्न कोविड-19 महामारी और अन्य वैश्विक स्वास्थ्य संकटों से संगठन द्वारा ठीक से न निपटना, तत्काल आवश्यक सुधारों को अपनाने में इसकी विफलता और डब्ल्यूएचओ के सदस्य देशों के अनुचित राजनीतिक प्रभाव से स्वतंत्रता प्रदर्शित करने में इसकी असमर्थता का हवाला दिया गया है। ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करते समय एक सहयोगी से कहा, यह बहुत बड़ी बात है। उन्होंने अपने 2020 के निर्णय की ओर इशारा किया और कहा कि उनका मानना है कि अमेरिका अन्य देशों की तुलना में संगठन को बहुत अधिक धनराशि दे रहा है। आदेश में यह भी कहा गया कि डब्ल्यूएचओ अमेरिका से अनुचित रूप से भारी भुगतान की मांग करना जारी रखता है।



# राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने ग्राम सोहनखेड़ा में उप स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनबाड़ी केंद्र का किया लोकार्पण

## उप स्वास्थ्य केंद्र के नागरिकों को मिलेंगी बेहतर एवं त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं : राजस्व मंत्री श्री वर्मा



सीहोर (निप्र)। इछावर तहसील के ग्राम सोहनखेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने 41 लाख रूपये लागत से निर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने 9.50 लाख रूपये लागत से निर्मित आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर उन्होंने कहा कि इस उप स्वास्थ्य केंद्र के बन जाने से क्षेत्र के नागरिकों को न केवल बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी बल्कि उन्हें इलाज के लिए अन्य स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश का निरंतर विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश का वर्चस्व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ रहा है। सरकार सबका साथ, सबका विकास करने की भावना के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर विकास के कार्य कर रही है। सरकार द्वारा गरीबों के लिए आयुष्मान भारत योजना चलाई जा रही है। जिससे गरीब से गरीब व्यक्ति भी बड़े से बड़े निजी अस्पताल में इलाज करवा रहे हैं। उन्होंने कहा के आमजन के राजस्व संबंधी प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए राजस्व महाभियान 1.0 एवं राजस्व महाभियान 2.0 की सफलता के बाद अब राजस्व महाभियान 3.0 चलाया जा रहा है। जिसमें आमजन के राजस्व संबंधी प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जनकल्याण के लिए अनेकों हितग्राही मूलक योजनाएं चलाई जा रहीं हैं। इन सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर सभी पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। उन्होंने मंच से सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजन को अपने राजस्व संबंधी कार्यों एवं अन्य योजनाओं के लाभ के लिए परेशान न होना पडे। जो अधिकारी अपने कर्तव्य पालन के लापरवाही करेंगे उन पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही ईश्वर की सेवा है और सरकार जनता की सेवा के लिए है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को उन सभी योजनाओं का लाभ दिलाएं जिनका लाभ लेने की वह पात्रता रखता है।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है एवं उनके लिए अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं। सरकार द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत बहनों को 1250 रूपये प्रतिमाह दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों के स्वयं के पक्के घर के सपने को साकार करने के लिए सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गरीबों को निशुल्क राशन दिया जा रहा है और महिलाओं को धुंए से मुक्ति दिलाने के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिए गए हैं।

### राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने ग्रामीण विकास एवं विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने इछावर जनपद पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग विकास एवं निर्माण कार्यों तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना सभी पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाएं। बैठक में राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने राजस्व महाभियान 3.0 तथा मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान को पूरी गंभीरता से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की सभी हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ पाने से कोई भी पात्र व्यक्ति छूटे नही। उन्होंने कहा कि शिविरों के दौरान आमजन के राजस्व संबंधी कार्यों तथा आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

# सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा यातायात को सुगम बनाने आवश्यक कदम उठाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश



सीहोर (निप्र)। कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने तथा यातायात को सुगम बनाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर प्रवीण सिंह ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध निरंतर चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उनके ड्रायविंग लायसेंस के निलंबन प्रस्ताव भी भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने सड़क दुर्घटनाओं के रोकने के लिए ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने एवं रेक्टीफिकेशन की निरंतर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रतिमाह विश्लेषण कर सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी मीटिंग में उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने वाहनों की ओवर स्पीडिंग को रोकने के लिए हाईवे के टोल नाको के पास स्पीड रडार गन द्वारा वाहनों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने रोड़ निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि जिले में सभी प्रकार की सड़कों का सर्वे कर यह सुनिश्चित करें कि सभी सड़कों पर संकेतक बोर्ड लगे हो एवं पुल-पुलिया क्षतिग्रस्त न हो।उन्होंने निर्देश दिए कि शहर में अतिक्रमण वाले स्थानों पर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाए ताकि ट्रैफिक संचालन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर मे चल रहे निर्माण कार्यों के बीच में आने वाले बिजली के पोल को अन्य स्थानों पर शिफ्ट किया जाए ताकि निर्माण कार्यों मे बाधा न हों। उन्होंने सभी वाहन चालकों के नेत्र परीक्षण के लिए शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए।

## खंगराले ने कलेक्टर से जनसुनवाई में अटल बिहारी वाजपेयी की आष्टा नगर पालिका द्वारा भ्रष्टाचार कर लगाई प्रतिमा की शिकायत की

सीहोर (निप्र)। सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष तत्कालीन पार्षद नरेन्द्र खंगराले ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जनसुनवाई के समक्ष उपस्थित होकर जिले के कलेक्टर प्रवीण सिंह के प्रतिनिधि डिप्टी कलेक्टर सुधीर सिंह कुशवाहा को आवेदन देकर बताया कि नगर पालिका परिषद आष्टा द्वारा जनता से कर वसूल कर उनकी गाड़ी कमाई एवं नगरीय प्रशासन मध्य प्रदेश से अनुदान प्राप्त कर 60 लाख रूपये की पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जो प्रतिमा आष्टा शहर में लगाई गई है, उसमें भ्रष्टाचार की बू आ रही है। अपीलार्थी खंगराले द्वारा दिसम्बर 16 दिसम्बर 2024 को मुख्य नगर पालिका अधिकारी आष्टा राजेश सक्सेना से सूचना के अधिकार के तहत् लगाई गई 60 लाख की प्रतीमा की जानकारी चाही गई थी। जानकारी नही मिलने पर पुनः दिनांक 17 जनवरी 2025 को स्वयं नगर पालिका आष्टा में उपस्थित होकर पत्र के माध्यम से जानकारी चाही गई, किन्तु जानकारी नही दी गई, इस कारण से मजबूर होकर जनसुनवाई में मंगलवार, 21 जनवरी 2025 को जानकारी नही मिलने की शिकायत की गई। जिस पर तत्काल जानकारी प्रदान हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लिखा गया है। श्री खंगराले ने बताया कि जानकारी ना मिलने की दशा में प्रथम अपील संयुक्त संचालक संभाग भोपाल एवं द्वितीय अपील मध्य प्रदेश राज्य सूचना आयोग को की जावेगी।

## भाजपा सरकार जनता के सुखदुख में हमेशा साथ-राय

सीहोर (निप्र)। संवेदना व्यक्त करते हुए विधायक सुदेश राय द्वारा मंगलवार को ग्राम गोपालपुर पहुंचकर पीलूखेड़ी हादसे में मृत दो श्रद्धालु महिलाओं के परिजनों और घायलों को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा स्वीकृत आर्थिक मदद की राशि सीधे बैंक एकाउंट में प्रदान कराए गई, तो वही विधायक सुदेश राय ने सुल्तानपुरा में करंट लगने से मृत हुए ग्रामीण के घर पहुंचकर सात्वना देकर परिजनों को आर्थिक मदद दिलाने की बात भी कहीं। विधायक सुदेश राय ने कहा की मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार जनता के सुखदुख में हमेशा सहभागिता निभाती है। उन्होने कहा की प्रदेश के अति गंभीर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बीते दिनों पीलूखेड़ी हादसे की जानकारी मिलते ही मृतकों और घायलों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए आर्थिक मदद स्वीकृत कर दी थी। बीते दिनों कुरावर-श्यामपुर मार्ग पर ग्राम पीलूखेडी लाल बंगला के पास हाइवे पर हुए हादसें में विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर तहसील श्यामुपर निवासी कृष्णा बाई पति लक्ष्मणसिंह ठाकुर और सुकमा बाई पति रामदयाल मेवाडा की मृत्यु हो गई थी इसी प्रकार संगीता मेवाडा पति रामनारायण मेवाडा, कलावती पति हुकुम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए गई थी।

# खेलो इंडिया स्माल सेंटर ने सीहोर क्लब को 2-1 से हराया



सीहोर (निप्र)। शहर के चर्च मैदान पर इन दिनों आल इंडिया फुटबाल प्रतियोगिता को लेकर विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा सीहोर ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है। मंगलवार को दो मैच खेले गए थे। पहले रोमांचक मैच में खेलो इंडिया स्माल सेंटर सीहोर की टीम ने सीहोर क्लब को 2-1 से हराया। वहीं एक अन्य मुकाबला सीहोर चिल्ड्रन और सीहोर ब्लू के मध्य भी कांटे की टक्कर का रहा। जिसमें सीहोर ब्लू ने 1-0 से जीत हासिल की।इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम को पहला मैच खेलो इंडिया स्माल सेंटर सीहोर और सीहोर क्लब के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में खेलो इंडिया ने सीहोर क्लब को 2-1 से हराया। जिसमें खेलो इंडिया स्माल सेंटर सीहोर की ओर से कृष्ण कुमार-विनायक ने 1-1 गोल किए थे। वहीं सीहोर क्लब की ओर से अश्वनी गौर ने 1 मात्र गोल किया। इधर एक अन्य मुकाबला बहुत ही कांटे का रहा। जिसमें सीहोर ब्लू की टीम 1-0 से जीती, इसमें एक मात्र गोल सीहोर ब्लू की ओर से मोहित ने किया। सीहोर चिल्ड्रन की टीम ने गोल करने के अनेक प्रयास किए।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत नगरीय निकायों में शिविरों का आयोजन 22 जनवरी को

सीहोर (निप्र)। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार भारत सरकार और राज्य सरकार की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत सेचुरेशन एवं लक्ष्य आधारित योजनाओं का पूरा लाभ उसके वास्तविक रूप से पात्र हितग्राही तक समय-सीमा में पहुँचे इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत नगरीय निकाय में प्रथम शिविर एवं द्वितीय शिविरों का आयोजन 18 दिसम्बर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक किया जा रहा है। तत्संबंध में बुधवार 22 जनवरी को नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम के वार्ड नं 22 गीता भवन के सामने, वार्ड नं 25 शंकर मंदिर के पास एवं वार्ड नं 24 रसूलिया फोजदार पेट्रोल पम्प के सामने प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक, नगर पालिका परिषद माखनगर के अम्बेडकर वार्ड 13 पुराने थाने के पास, सरदार वार्ड 14 पुराने थाने के पास एवं लोहिया वार्ड 15 पुराने थाने के पास प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक नगर पालिका परिषद सोहागपुर के शास्त्री वार्ड 11 जयमल सिंह कालोनी शास्त्री वार्ड, तिलक वार्ड 12 दुबे आटा चक्की के पास तिलक वार्ड प्रातः 10:00 बजे से शाम 6:00 तक, नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा के वार्ड नं 12 सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड नगरपालिका सभाकक्ष, वार्ड नं; 13 शास्त्री वार्ड नगरपालिका सभाकक्ष प्रातः 10:00 बजे से दोहपर 03:00 बजे तक तथा नगरपालिका परिषद इटारसी के वार्ड क्रमांक 31, आजाद कमला नेहरू पार्क तालाब, वार्ड क्रमांक 32, सुभाषगंज कमला नेहरू पार्क तालाब के पास प्रातः 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक द्वितीय चरण के शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# आज से आरंभ होगी पांच दिवसीय शिव महापुराण

## शिव जी अपने भक्तों पर बहुत जल्दी प्रसन्न होते-कथा वाचक पंडित राघव मिश्रा



सीहोर (निप्र)। शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल पंचायती भवन में अग्रवाल महिला मंडल और मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार से अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के पुत्र कथा व्यास पंडित राघव मिश्रा के द्वारा पांच दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर सुबह शोभा यात्रा निकाली जाएगी। अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति अग्रवाल और मध्यप्रदेश अग्रवाल महासभा की अध्यक्ष श्रीमती अंजु अजय अग्रवाल ने सभी क्षेत्रवासियों से यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत करने की अपील की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त शिव महापुराण का आयोजन अयोध्य में भगवान राम लला के मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में भव्य रूप से धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को कथा का शुभांरभ भव्य शोभा यात्रा के साथ किया जाएगा। शोभा यात्रा शहर के बड़ा बाजार स्थित सत्यनारायण मंदिर से सुबह निकाली जाएगी और कथा प्रतिदिन दोपहर दो बजे से पांच बजे तक आयोजित की जाएगी। महासभा ने सभी क्षेत्रवासियों से कथा का श्रवण करने की अपील की है। पंडित श्री मिश्रा ने मंगलवार को महिला मंडल को संबोधित करते हुए कहा कि सभी देवी-देवताओं के सृजनकर्ता होने से शिव को महादेव कहते हैं। महादेव रूप की उपासना से सभी देवी-देवताओं की पूजा का फल मिलता है। सोमवार को महादेव रूप की उपासना से हर ग्रह नियंत्रित रहता है। उनके दूसरे रूप आशुतोष के बारे में उन्होंने कहा कि शिव जी अपने भक्तों पर बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं। शिव के बहुत जल्दी प्रसन्न होने के कारण उन्हें आशुतोष कहा जाता है। आशुतोष की आराधना से मानसिक परेशानियां मिट जाती है। शिव जी के तीसरे रूप रूद्र के बारे में उन्होंने कहा कि शिव में संहार की शक्ति होने से उनका एक नाम रूद्र भी है। उग्र रूप में शिव की उपासना रूद्र के रुप में की जाती है।

## तीन दिवसीय प्रकृति परीक्षण शिविर का आयोजन




नर्मदापुरम (निप्र)। देश का प्रकृति परीक्षण अभियान अंतर्गत जिला आयुष अधिकारी नर्मदापुरम द्वारा एसपीएम नर्मदापुरम में तीन दिवस प्रकृति परीक्षण शिविर आयोजित कर 246 CISF personnels का प्रकृति परीक्षण किया गया। शिविर में एसपीएम से असिस्टेंट कमांडर एस. के. राय, इंस्पेक्टर नीलिमा शुक्ला, सब इंस्पेक्टर बिपिन कुमार मिश्रा एवम आयुष विभाग से डॉक्टर नितिन जॉर्ज, डॉक्टर संदीप रघुवंशी, डॉ. ललिता उइके, डॉ. मिथिलेश उईके, कंपाउंडर सत्यनारायण कुम्हरे एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पांचवें दिन

# भगवान के पांच कल्याणक में पंचम कल्याणक , मोक्ष कल्याणक पूजन विधि विधान से धार्मिक अनुष्ठान कर संपन्न हुआ

### भगवान का नगर भ्रमण,भव्य विशाल शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्थित इंग्लिशपूरा पहुंची



सीहोर (निप्र) श्री 1008 नेमीनाथ मज्जिनेन्दृ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्वशांति महायज्ञ आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य श्रमण रत्न श्रतुसवेगी मुनिश्री आदित्य सागर जी महाराज के सानिध्य में श्रावक श्राविकाएं इन्द्र इंद्राणी के रूप में विधी विधान से धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं।

### *मोक्ष कल्याणक*

मुनिश्री आदित्य सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में बाल ब्रह्मचारी प्रतिष्ठाचार्य पियूष भैय्या जी के निर्देशन में श्रावक श्राविकाओ ने प्रातः 5 बजे जाप्य अभिषेक नित्य नियम पूजा एवं ज्ञान कल्याणक पूजन से शुभारंभ हुआ तथा प्रातः 7 बजे गिरनार में ऊर्ज यंत पर्वत से 22 वें तीर्थकर भगवान नेमीनाथ प्रभु का मोक्ष गमन अग्निकुमार इन्द्र द्वारा अग्नि संस्कार, निर्वाण महोत्सव सिद्ध गुणा रोपण, मोक्ष कल्याणक पूजन एवं विश्वशांति महायज्ञ तथा मोक्ष कल्याणक पर मुनिश्री की दिव्य देशना श्रधदालुओ ने श्रवण कर मोक्ष कल्याणक महोत्सव के महत्व को समझा ।

सुबह 9 बजे धर्म सभा में प्रवचन श्रेष्ठ संवेगी मुनिश्री आदित्य सागर जी महाराज कि अमृतवाणी श्रधदालुओ ने श्रवण किये ।

### *शोभा यात्रा*

श्री 1008 नेमिनाथ मजीनेंद्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामोहत्सव, के समापन पर शोभा यात्रा में भगवान नेमीनाथ जी प्रतिमा विमान में विराजित कर का नगर भ्रमण हुआ वही सौभाग्य से मंगल सानिध्य श्रुतसंवेगी विशुद्धरत्न श्रमण परम पूज्य मुनि श्री 108 आदित्य सागर जी महाराज ससंघ का प्राप्त हुआ । शोभा यात्रा मे आकर्षण का केंद्र रहें 1. एरावत हाथी , बग्गियों में इन्द्र इंद्राणी के रूप में श्रावक श्राविकाएं, लाइवआर्केस्ट्रा, बैंड बाजे पुरुष महिलाएं पारम्परिक वेशभूषा में भगवान के भजन कीर्तन करते हुए *विश्व का कल्याण अहिंसा से हो सकता है के जयघोष के साथ अहिंसा का संदेश देते हुए चल रहे थे। शोभा यात्रा कार्यक्रम स्थल टाउन हॉल से प्रारंभ होकर, कोतवाली चौराहा, मेन रोड, बड़ा बाजार, सब्जी मंडी होते हुए श्री जी शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर स्थित इंग्लिशपूरा पहुंची जहां मुनि श्री आदित्य सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में बाल ब्रह्मचारी प्रतिष्ठाचार्य पीयूष भैय्या जी के निर्देशन में श्री जी की वेदी में स्थापना एवं प्रतिष्ठान महोत्सव का विसर्जन हुआ।

# एनआईएमएचआर में 05 दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम आयोजित



सीहोर (निप्र)। सीहोर स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य पुनर्वास संस्थान (एनआईएमएचआर) एवं भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली द्वारा 05 दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 24 जनवरी तक चलेगा। इस संकाय विकास कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानों में कार्यरत 50 पुनर्वास कार्यकर्ताओं को दिव्यांगजनों के पुनर्वास से संबंधित विभिन्न विषयों के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के पश्चात सभी प्रशिक्षणार्थियों का मूल्यांकन किया जायेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक निरंजन बी वायंगणकर (साइबर विंग), एम्स के सह-प्राध्यापक डॉ स्नेहिल गुप्ता, संस्थान के निदेशक डॉ अखिलेश कुमार शुक्ला, नीरज मधुकर, डॉ. नवीन सिंह, डॉ. अंकित चौधरी, रामकुमार नागर सहित संस्थान के शिक्षक गण एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

# "इंडस्ट्री एंड एकेडमिया कंसल्टेशन" कार्यक्रम किया गया आयोजित

नर्मदापुरम (निप्र)।कौशल विकास विभाग द्वारा "इंडस्ट्री एंड एकेडमिया कंसल्टेशन" कार्यक्रम जलसा गार्डन में आयोजित किया गया। सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सभी छात्र छात्राओं, व्यापारी, इंडस्ट्रियलिस्ट और प्रशासन के अधिकारियों से संवाद किया।

सासंद ने संवाद में आम नागरिक को सुविधाएं और सकारात्मक माहौल देकर बड़े व्यापारी बनने के प्रेरणा देने के लिए राज्य एवं केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। सांसद श्री चौधरी ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत की कल्पना इन्हीं प्रयासों के माध्यम से पूरी होगी ऐसा सभी को भरोसा है। देश के युवाओं विशेषकर लोकसभा क्षेत्र के युवाओं को रोजगार देने वाली सभी इंडस्ट्री का आभार कर उन्होने सभी बच्चों से साथ मिलकर आगे बढ़ने का संदेश दिया।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना।
स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com